हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# होली के बाद दिवाली!

## जश्न में डूबा रायपुर के साथ पूरा देश

राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पर रविवार की रात जश्न का माहौल नजर आया। क्रिकेट प्रेमियों ने तिरंगा लहराया, पटाखे फोड़े और देशभक्ति की धुन में जमकर थिरके।



आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹121097/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹147900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹161447/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND® Jewels
Pandri, Raipur

## राष्ट्रपति, पीएम मोदी शाह, नबीन ने दी बधाई

आईसीसी टी20 विश्व कप में शानदार जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। इसके साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने बधाई देते हुए कहा, इस जीत ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है।

## सीएम साय बोले- भारतीयों को आप पर गर्व

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने टीम इंडिया को बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट



एक्स पर सीएम साय ने कहा, 140 करोड़ भारतीयों को आप पर गर्व है। टी 20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया के धुरंधरों ने एक बार फिर विश्वकप खिताब जीतकर हर भारतवासी को गौरवान्वित किया है।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026 में लहराया तिरंगा, भारत ने न्यूजीलैंड को रौंदा, तोड़ा 19 सालों का तिलिस्म

# हम चैंपियन थे, चैंपियन हैं...

भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में हराकर खिताब जीत लिया है। भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदकर तिरंगा लहराया। भारत के 255 रन के जवाब में न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने चैंपियन बनकर कई तिलिस्म तोड़े हैं।

### टीम इंडिया तीसरी बार टी20 चैंपियन, न्यूजीलैंड को 96 रन से दी शिकस्त

### स्टेडियम में दिखा फैंस का सैलाब, पिच पर भारतीय बल्लेबाजों का बवंडर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारत तीन बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इकलौती टीम बन गई है। भारत ने 2007 में एमएस धोनी और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीता था। भारत टूर्नामेंट के 19 सालों के इतिहास में खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम है। भारत बतौर मेजबान यह टूर्नामेंट जीतने वाला पहला देश है। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है। अहमदाबाद में साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्वकप में हार के बाद कई बातें कही गई थीं, लेकिन अब टीम इंडिया ने चैंपियन बनते हुए इतिहास दोहराया भी, हराया भी और नया इतिहास भी रच दिया।

### अभिषेक ने बनाया रिकॉर्ड

ओपनर अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के जमाए। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर से पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में चूक गए। उन्होंने ऑफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाए। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं लिया। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिए और हार्दिक पांड्या (13 गेंदों में 18) एक विकेट चटकाया। भारत ने पावरप्ले के छह ओवरों में 92 रन बना लिए थे।



### सैमसन और ईशान की शतकीय साझेदारी

रचिन रविंद्र ने आठें ओवर में अभिषेक को आउट करके 43 गेंद में बनी 98 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद, ईशान किशन (25 गेंदों में 54) ने रनगति कायम रखते हुए चार छक्के और चार चौके लगाए। सैमसन और ईशान ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 105 रन की पार्टशिप करके भारत को 200 के पार पहुंचाया।

### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- टीम ने 7.2 ओवर में 100 रन पूरे किए, जो कि टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम के सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड
- भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो कि 2024 वर्ल्ड कप में बना था
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा
- अभिषेक और संजू की जोड़ी ने 24 गेंद पर 50 पार पहुंचाया
- संजू सैमसन का लगातार तीसरा पचासा



प्रयागराज



पटना



नागपुर

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN (DEEMED TO BE UNIVERSITY)
SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
SAAT-2026
Accredited by NAAC with Grade 'A++' | UGC Graded Autonomy(Category-I) | NBA Accredited | ICAR Accredited | NABL Accredited | NABH Accredited
AICTE Approved | NMC Approved | DCI Approved | PCI Approved | BCI Approved | INC Approved | VCI Approved
PROGRAMMES OFFERED
B.TECH PROGRAMMES IN CORE ENGINEERING
Civil Engineering
Electrical Engineering
Mechanical Engineering
B.TECH PROGRAMMES IN ELECTRONICS DESIGN
Electrical and Electronics Engineering
Electronics and Communication Engineering
B.TECH PROGRAMMES IN CORE COMPUTING
Computer Science and Engineering
Computer Science and Information Technology
B.TECH PROGRAMMES IN EMERGING COMPUTING
Computer Science and Engineering (AI and ML)
Computer Science and Engineering (Cyber Security)
Computer Science and Engineering (Data Science)
Computer Science and Engineering (Internet of Things)
M.TECH PROGRAMMES
Structural Engineering
Electric Vehicle Technology
Machine Design and Robotics
Embedded System and VLSI Design
Computer Science and Engineering
M.Sc. PROGRAMMES
Physics
Chemistry
Mathemetics
Biotechnology
Integrated M.Sc. Biotechnology
COMPUTER APPLICATIONS PROGRAMMES
Bachelor of Computer Applications (BCA)
Master of Computer Applications (MCA)
LAW PROGRAMMES
BA. LL.B (H) - Integrated
BBA LL.B (H) - Integrated
LL.B. (H) - 3 Years
LL.M. - 1 Year
MANAGEMENT PROGRAMMES
BBA
MBA
Integrated MBA
MBA (Hospital Administration)
MBA (Artificial Intelligence and Data Science)
HOTEL MANAGEMENT PROGRAMMES
BHMCT (Bachelor of Hotel Management & Catering Technology)
MBA (Hospitality Management)
NURSING PROGRAMMES
B.Sc. (Nursing) (Basic)
B.Sc. (Nursing) (Post Basic)
M.Sc. (Nursing)
AGRICULTURAL PROGRAMMES
B.Sc. (H) Agriculture
M.Sc. Agriculture
PHARMACY PROGRAMMES
B. Pharm
M. Pharm
nirf
National Institutional Ranking Framework 2025
15th in University Category
22nd in Engineering Category
15th in Medical Category
09th in Dental Category
10th in Law Category
Globally Ranked By
QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS
To apply for admission through SAAT,
Visit: www.soa.ac.in



**बिलासपुर-रायपुर का सफर होगा मुश्किल, हसदेव एक्सप्रेस इस बीच लोकल ट्रेन बनकर चलेगी, नियमित यात्रियों को एक्सप्रेस में करना होगा सफर**

# अप्रैल में 10 एक्सप्रेस और 11 लोकल ट्रेनें रद्द, रोजाना 30 हजार से अधिक यात्रियों को झेलनी होगी दिक्कत

## बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना का चलेगा कार्य, लोकल ट्रेने रद्द होने यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर और बिलासपुर के यात्रियों की लाइफलाइन मानी जाने वाली लोकल ट्रेनें अप्रैल में 11 दिनों तक रद्द रहेंगी। दैनिक नियमित यात्रियों को दफ्तर और अपने कार्यस्थल तक आने और घर लौटने के लिए एक्सप्रेस ट्रेनों का सहारा लेना होगा, क्योंकि रायपुर और बिलासपुर से चलने वाली 11 लोकल ट्रेनें 31 मार्च से 11 अप्रैल तक रद्द रहेंगी। बता दें कि हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में बिलासपुर-चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री-नॉन/नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। खास बात यह भी है कि 4 से 24 अप्रैल के बीच शालीमार, छत्तीसगढ़, गोंडवाना और समता एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें भी रद्द रहेंगी। एक तरफ एक्सप्रेस ट्रेनों के अभाव से यात्रियों को दिक्कत होगी, वहीं रायपुर से बिलासपुर जाने के लिए मेमू ट्रेनों का भी टोटा रहेगा। कुल मिलाकर अप्रैल में रेल यात्रियों का सफर काफी मुश्किल होने वाला है।

रायपुर से बिलासपुर के बीच सफर करने वाले यात्रियों की संख्या रोजाना 10 हजार से अधिक है। एमएसटी कार्ड से सफर करने वाले भी 8 हजार से अधिक हैं। ऐसे में एक साथ 11 लोकल ट्रेनों के रद्द होने से रोज 30 हजार से भी अधिक यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सुबह 11 बजे तक रायपुर पहुंचने वाली कोई ट्रेन नहीं होने से यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने घर से जल्दी निकलना होगा। सुबह और शाम के वक्त अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों का दबाव काफी बढ़ जाएगा।



**एक्सप्रेस की जगह पैसेंजर बनकर चलेगी हसदेव एक्सप्रेस**

11 लोकल ट्रेनों को रद्द करने के बाद रेलवे ने हसदेव एक्सप्रेस को नियमित रूप से चलाने का फैसला लिया है, लेकिन यह ट्रेन एक्सप्रेस की जगह 31 मार्च 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा के मध्य पैसेंजर ट्रेन के रूप में चलाई जाएगी। चूंकि यह ट्रेन रायपुर से बिलासपुर के बीच लोकल की तरह चलेगी, इसलिए सुबह और शाम के वक्त इस ट्रेन में यात्रियों का दबाव दोगुना होगा।

**31 मार्च से 11 अप्रैल के बीच रद्द रहेंगी ये लोकल**

- 68738/68737: बिलासपुर–रायगढ़-बिलासपुर मेमू (31 मार्च से 11 अप्रैल)

-68735: रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)

- 68736: बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर (30 मार्च से 10 अप्रैल)

-68746: रायपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर (30 मार्च से 10 अप्रैल)

-68745: गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)

-58204: रायपुर-कोरबा पैसेंजर (30 मार्च से 10 अप्रैल)

- 58203: कोरबा-रायपुर पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)

-68734/68733: बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)

-68732/68731: बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)

-58210: बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर (05 अप्रैल से 11 अप्रैल)

- 68861: गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी)

-68862: झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी)

**अप्रैल में रद्द रहने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें:**

18030 (शालीमार-एलटीटी) एक्सप्रेस: 4 अप्रैल से 24 अप्रैल तक।

18029 (एलटीटी-शालीमार) एक्सप्रेस: 6 अप्रैल से 26 अप्रैल तक।

18237 (कोरबा-अमृतसर) एक्सप्रेस : 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक।

18238 (अमृतसर-बिलासपुर) एक्सप्रेस : 7 अप्रैल से 27 अप्रैल तक।

12410 (हज़रत निजामुद्दीन-रायगढ़) एक्सप्रेस : 2, 4, 6, 7, 8, 9, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 एवं 22 अप्रैल को।

12409 (रायगढ़-हज़रत निजामुद्दीन) एक्सप्रेस : 4, 6, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 एवं 24 अप्रैल को।

12101 (एलटीटी-शालीमार) एक्सप्रेस : 4, 6, 7, 10, 11, 13, 14, 17, 18, 20 एवं 21 अप्रैल को।

12102 (शालीमार-एलटीटी) एक्सप्रेस : 6, 8, 9, 12, 13, 15, 16, 19, 20, 22 एवं 23 अप्रैल को।

12807 (विशाखापत्तनम-हजरत निजामुद्दीन) एक्सप्रेस : 5, 7, 8, 9, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22 एवं 23 अप्रैल को।

12808 (हज़रत निजामुद्दीन-विशाखापत्तनम) एक्सप्रेस: 7, 9, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24 एवं 25 अप्रैल को।

मई माह में रद्द होने वाली गाड़ियां:

18109 (टाटानगर-इतवारी) एक्सप्रेस: 3 से 22 मई तक।

18109 (इतवारी-टाटानगर) एक्सप्रेस: 5 से 24 मई तक। (नोट: ट्रेन नंबर समान दिया गया है)

68711 (डोंगरगढ़-गोंदिया) पैसेंजर: 3 से 22 मई तक।

68712 (गोंदिया-डोंगरगढ़) पैसेंजर: 3 से 22 मई तक।

68713 (गोंदिया-इतवारी) पैसेंजर: 3 से 22 मई तक।

68716 (इतवारी-गोंदिया) पैसेंजर: 3 से 22 मई तक।

68714 (इतवारी-बालाघाट) पैसेंजर: 3 से 22 मई तक।

68715 (बालाघाट-इतवारी) पैसेंजर: 3 से 22 मई तक।

58205 (रायपुर-इतवारी) पैसेंजर: 3 से 22 मई तक।

58206 (इतवारी-रायपुर) पैसेंजर: 4 से 23 मई तक।

## खबर संक्षेप

### महिला एवं बाल विकास मंत्री को दिया आमंत्रण

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कल गाड़ा महिला महामंच द्वारा 9 मार्च को महतारी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न्यू शांति नगर स्थित विमतारा भवन में होगा। महिला महामंच के पदाधिकारियों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भेंट कर महतारी सम्मान समारोह कार्यक्रम में आमंत्रित किया। गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष कर आगे बढ़ने वाली 101 महिलाओं को "महतारी सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से महापौर मीनल चौबे, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, डीसीपी अर्चना झा सहित प्रेस से जुड़ी महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।

### गायत्री परिवार की नारियों की भूमिका पर मंथन

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार रायपुर के परिजनों द्वारा गायत्री चेतना केंद्र बोरियाखुर्द में समाज सुधार में गायत्री परिवार के नारियों की भूमिका व दायित्व विषय पर विचार-मंथन किया गया। गायत्री चेतना केंद्र बोरियाखुर्द की व्यवस्थापक अनोखी निषाद एवं पूर्णिमा साहू ने बताया कि महिलाओं ने 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' के तहत नारी शक्ति को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं का मंगल तिलक करते हुए मंत्र दुपट्टा व श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### नवरंग पब्लिक स्कूल में मनाया महिला दिवस

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवरंग पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत पुरुष शिक्षकों द्वारा ड्रामा प्रस्तुत किया गया, जिसमें नारी शक्ति के सम्मान एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। नवरंग पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं ने भारत के विभिन्न सांस्कृतिक परिधानों में प्रस्तुति दी, जिसने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महिलाओं के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में प्रियंवदा लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष शशिप्रभा पाण्डेय, स्कूल की प्राचार्य संगीता सिन्हा और ड्रीम इंडिया स्कूल के प्राचार्य नेहा तोलवानी, प्रभा तिवारी एवं स्कूल की समस्त शिक्षिकाओं को सम्मानित किया

## स्कूल शिक्षा विभाग के साथ परिवहन आयुक्त को भी लिखा गया खत

# निजी स्कूलों को सरकार को बस देने से इनकार, फीस वृद्धि नहीं होने के विरोध में असहयोग आंदोलन

### स्कूल संघ का कहना, विभिन्न जिला परिवहन अधिकारी आयोजनों के लिए मांग रहे बस

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

निजी स्कूलों ने किसी भी शासकीय कार्य के लिए अपनी बसें अथवा अन्य वाहन देने से इनकार कर दिया गया है। ऐसा आरटीई संबंधित उनकी मांगों के कारण किया गया है। निजी स्कूल शासन से आरटीई फीस बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसमें किसी तरह की वृद्धि नहीं होने पर निजी स्कूलों ने असहयोग आंदोलन करते हुए किसी भी शासकीय कार्य में किसी भी तरह के सहयोग से इनकार कर दिया है। निजी स्कूलों का कहना है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत उन्हें प्रदान की जाने वाली राशि में अधिनियम लागू होने से लेकर अब तक एक बार भी वृद्धि नहीं की गई है। शिक्षकों को निजी स्कूलों द्वारा दिए जा रहे वेतन सहित अन्य सभी मद में उन्हें अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं, लेकिन शासन ने अब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया है। इस कारण छोटे स्कूलों को विशेष आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी स्कूल संघ ने परिवहन आयुक्त को भी इस संदर्भ में खत लिखा है।



इस संदर्भ में निजी स्कूलों की एक मार्च बैठक हुई थी। इसमें एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि जब तक स्कूल शिक्षा विभाग, 'शिक्षा के अधिकार कानून' के तहत निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाता, तब तक प्रदेश के सभी स्कूल असहयोग आंदोलन करेंगे। स्कूल संघ के अनुसार, विभिन्न जिला परिवहन अधिकारी कार्यालयों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए स्कूलों से बसों की मांग की जा रही है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे अपनी बसें उपलब्ध कराने में असमर्थ होंगे। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि का उनका निवेदन स्वीकार नहीं कर लिया जाता।

### कोई विकल्प नहीं

हम छात्रों को सभी तरह की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके बाद भी हमारी समस्याएं नहीं सुनी जा रही हैं। असहयोग करने के अलावा हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं है।

– **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ \

## राजधानी प्रदेश में सर्वाधिक गर्म, हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखने आदेश

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी रायपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया। यह प्रदेश में सर्वाधिक है। यह सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। ना केवल अधिकतम तापमान बल्कि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के अलावा रात में भी लोगों को पंखे चलाने पड़े। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ के अधिकतर जिलों में तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री तक अधिक है। आने वाले कुछ दिनों तक यह स्थिति रह सकती है। प्रदेश में फिलहाल सबसे ठंडा अंबिकापुर है। यहां न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह प्रदेश में सबसे कम है। यहां देर रात और तड़के अब भी हल्के ठंड का अहसास हो रहा है। रायपुर के आउटर में तापमान अपेक्षाकृत कम है। माना में अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री दर्ज हुआ। बिहार से झारखंड होते हुए दक्षिण छग तक समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर तक एक द्रोणिका बनी हुई है। प्रदेश में अगले तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

इधर, राज्य में बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रखने की दिशा में आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्मी से होने वाली बीमारियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखे जाएंगे। इन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों तथा शीतलन संबंधी व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने को कहा गया है।

## भाजपा बोली- अफीम की खेती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में हुई थी शुरू

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा, नलिनेश ठोकने, शिव नारायण पांडेय और भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने अफीम की खेती के मामले में कहा, इसकी खेती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में शुरू थी। भाजपा सरकार में इस मामले की जानकारी आने पर इस पर तत्काल कार्रवाई की गई है। भाजपा नेताओं ने सवाल खड़े करते हुए कहा, संपूर्ण कार्रवाई कर दी गई थी, उसके दूसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस नेताओं के साथ अफीम के खेत में क्यों गए? भाजपा नेताओं ने कहा, एक वायरल वीडियो में अफीम के फूल की चोरी और बेचने की जो बातें सामने आ रही हैं। अब कांग्रेस को पहले इसका जवाब देना चाहिए। इस पूरे मामले में कांग्रेस केवल अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रही है, जबकि राज्य की विष्णुदेव साय की सरकार ने मामला सामने आते ही एक घंटे के भीतर कारवाई की, जो राज्य सरकार की सजगता और गंभीरता को दर्शाता है। दूसरी ओर प्रदेश भाजपा संगठन ने भी पूर्व भाजपा नेता को पार्टी से निलंबित कर दिया और संदेश दिया कि भाजपा की सदयस्ता लेकर ऐसे कृत्य करने वाले भी नहीं बच पाएंगे। भाजपा प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने सबसे पहले अफीम की खेती का वीडियो दिखाया और बताया, कैसे मक्का और गेंहू के उपज के बीच अफीम की खेती की जा रही थी।

## नवा रायपुर में डीएड अभ्यर्थियों का आमरण अनशन, अब विधानसभा में गूंजेगा मामला

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर पिछले ढाई माह से आमरण-अनशन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर रविवार को भी अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए डीएड अभ्यर्थियों ने धरनास्थल पर होली त्योहार मनाया। डीएड अभ्यर्थियों का मुद्दा अब 11 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में गूंजेगा। सरायपाली क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद, धरमजयगढ़ के विधायक लालजीत राठिया के अलावा बिलाईगढ़ क्षेत्र के विधायक कविता प्राणा लहरे विधानसभा में इस मुद्दे पर सवाल लगाए हैं। डीएड अभ्यर्थी संघर्ष समिति के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्त की मांग को लेकर आमरण अनशन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। हमारी प्रमुख मांग हैं कि न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन हो। विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाए। डीएड अभ्यर्थियों ने अपने मांगों को लेकर पूर्व में शिक्षा विभाग संचालनालय को लेकर मंत्रालय का घेराव करने रैली भी निकाली। इस दौरान पुलिस प्रशासन से झड़प के दौरान 8 अभ्यर्थी बेहोश हुए, जिनमें से कुछ अभ्यर्थियों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थियों की तबीयत खराब होने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत भी आई। आंदोलन के 57वें दिन अंगारों पर चलकर प्रदर्शन करने के दौरान उन्हें पुलिस ने हिरासत में भी लिया। इसके बाद भी डीएड अभ्यर्थी धरनास्थल पर आमरण अनशन कर रहे हैं।

### धरनास्थल पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर डीएड प्रशिक्षित महिला अभ्यर्थी बैनर पोस्टर हाथ में लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने तूता धरनास्थल पर डटी रहीं। साथ ही श्रृंगार नहीं संघर्ष की मिसाल हैं स्त्रियां, मान चाहिए सम्मान चाहिए, के स्लोगन के साथ प्रदर्शन किया।

# प्रदेश के भाजपा नेता अब विधानसभा सत्र के बाद फिर से संभालेंगे असम में मोर्चा

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

### अरुण साव, तोखन साहू, ओपी चौधरी, विजय बघेल को असम में एक-एक लोकसभा क्षेत्र की मिली है जिम्मेदारी

असम और बंगाल में अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी कोकराझार लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। ये नेता लगातार असम का दौरा कर रहे हैं। अब प्रदेश में जहां सोमवार से विधानसभा का बजट सत्र फिर से प्रारंभ हो रहा है, वहीं लोकसभा का सत्र भी प्रारंभ होगा। ऐसे में असम में प्रदेश के जिन नेताओं को जिम्मा मिला है, वे अब सत्र के बाद ही फिर से जाकर वहां मोर्चा संभालेंगे। इधर प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार वहां पर डटे हुए हैं।

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का लगातार दौरा कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के होली के लिए स्थगित होने के बाद तुरंत वे असम चले गए थे। वे वहां पर लगातार अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं में जुटे रहे लेकिन अब सत्र के प्रारंभ होने कारण वापस आ गए हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे भी वहां से वापस आ गए हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे तो वहां पर होली के समय भी डटे रहे, लेकिन अब विधानसभा के सत्र के प्रारंभ होने के कारण वापस आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी असम में एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी वहां पर थे, वे वहां से लौट आए हैं।



### बंगाल में पवन साय और भूपेंद्र सवन्नी भी

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। वे वहां का बीते साल दिसंबर से लगातार दौरा कर रहे हैं। इस समय वे वहां पर डटे हुए हैं। उनकी जिम्मे वाली विधानसभाओं में परिवर्तन यात्राएं चल रही हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी विधानसभा का सत्र स्थगित होते ही बंगाल चले गए थे। वे होली के लिए वापस आए हैं। वे भी जल्द एक बार फिर से वापस जाएंगे। इसके पहले उनके क्षेत्र में उनके साथ सहयोगी के रूप में भूपेंद्र सवन्नी को भी जिम्मा दिया गया है। श्री सवन्नी इस समय बंगाल में हैं और वहां पर लगातार बैठकें ले रहे हैं। श्री मूणत अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं में वहां पर परिवर्तन यात्रा प्रारंभ होने से पहले जाएंगे।

## जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा जूदेवजी का जीवन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूतपूर्व लोकसभा सांसद स्व. दिलीप सिंह जूदेव की जयंती के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के मुख्यमंत्री निवास परिसर में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. दिलीप सिंह जूदेव के दीर्घ सामाजिक-राजनीतिक जीवन और समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, स्व. जूदेवजी का संपूर्ण जीवन समाजसेवा, जनकल्याण और विशेष रूप से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य किया।


**आज तेरहवीं**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माता जी

**श्रीमती उर्मिला गुप्ता**

पत्नी स्वर्गीय महेश प्रसाद गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 26 फरवरी 2026, दिन-गुरूवार को हो गया है।

अत: निम्नांकित कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।



स्व. श्रीमती उर्मिला गुप्ता

**कार्यक्रम स्थल**

**तेरहवीं एवं ब्राह्मणभोज**

09 मार्च 2026, सोमवार

स्थान:- वार्ड क्र. 01, रेल्वे कॉलोनी, मदन स्कूल के पास, मनेन्द्रगढ़

शोकाकुल: आशीष कुमार गुप्ता (पुत्र) श्रीमती आशा गुप्ता (पुत्री) एवं समस्त गुप्ता परिवार मो.-9981674556, 9993319599

बिलासपुर
सोमवार 9 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 346
पृष्ठ : 10+6 =16, मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 22.4

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


7 ताहूहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास, खेले 103 मैच

विचार पेज
2 दुनिया को 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' की जरूरत

# पूरे प्रदेश में जमकर छलकी शराब, कोरिया, जगदलपुर-सुकमा, बलरामपुर ने तोड़ा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में चालू वित्तीय वर्ष यानी 1 अप्रैल 2025 से लेकर 2 मार्च 2026 की अवधि में राज्य में जमकर शराब छलकी है। खास बात ये है कि यह स्थिति इस साल होली के दो दिन पहले तक की है। 3 मार्च को होली के दिन के आंकड़े इसमें शामिल नहीं है, इसके बावजूद पिछले साल के मुकाबले अब तक की बिक्री में 7.9 प्रतिशत का उछाल आया है और लक्ष्य 11 हजार 658 करोड़ का राजस्व भी सरकार को मिल चुका है। इस वित्तीय वर्ष में 12 हजार करोड़ राजस्व का लक्ष्य बस जल्द ही पूरा होने को है। छत्तीसगढ़ में शराब बिक्री के ये आंकड़े बताते हैं कि राज्य सरकार को शराब से राजस्व के रूप में एक बड़ी राशि मिल रही है। प्रदेश में पीने-पिलाने के शौकीनों की संख्या भी राजस्व के अनुपात में तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में आबकारी राजस्व एक प्रमुख घटक बनता जा रहा है। छत्तीसगढ़ में शराब की बिक्री और खपत का आलम ये है कि यहां के 33 जिलों में से 31 जिलों में पिछले साल के मुकाबले इस बार बिक्री अधिक रही है, अपवाद के रूप में केवल दो जिलों में बिक्री का आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले आंशिक रूप से कम हुआ है।

### सबसे अधिक बिक्री इन जिलों में

*राज्य में पिछले साल के मुकाबले इस साल शराब की सबसे अधिक बिक्री जगदलपुर में 33.9 प्रतिशत अधिक रही है। इसके बाद बलरामपुर 29.5 प्रतिशत, सुकमा में 31.3 प्रतिशत, कोरिया में यह बढ़त का आंकड़ा 35.7 प्रतिशत तक बढ़ा है। इसके उलट कुछ जिलों में पिछले साल के मुकाबले बिक्री में आंशिक कमी भी आई है। इनमें धमतरी में 1.3 प्रतिशत और नारायणपुर में 0.4 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन बाकी सभी जिले शराब बिक्री की रकम से मालामाल हुए हैं।*

### प्रदेश के 31 जिलों में पिछले साल से अधिक खुली शराब की बोतलें



### 12 हजार करोड़ का लक्ष्य मुट्ठी में

अब अगर बात करें शराब से सरकार को मिलने वाले राजस्व की, तो इस वित्तीय वर्ष में आबकारी अमला 12 हजार करोड़ का राजस्व जमा करने के करीब पहुंच गया है। इस लक्ष्य के मुकाबले विभाग अब तक 11 हजार 658 करोड़ का राजस्व जुटा चुका है। अभी मार्च का महीना समाप्त होने में तीन हफ्ते का समय बाकी है। इसमें होली के दिन यानी 3 मार्च को राज्य में हुई शराब बिक्री का आंकड़ा शामिल नहीं है। इस हिसाब से देखा जाए तो 12 हजार करोड़ का राजस्व सरकार के खजाने में आना तय दिख रहा है, साथ ही लक्ष्य से अधिक राजस्व की प्राप्ति भी संभव है। पिछले वित्तीय वर्ष में 2 मार्च 2025 की स्थिति में 10 हजार 802 करोड़ का राजस्व मिला था। इस साल 2 मार्च तक की स्थिति में सरकार को पिछले साल के मुकाबले 7.9 प्रतिशत अधिक राजस्व मिल चुका है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## ख़बर संक्षेप

### छग के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन



**पटना।** छत्तीसगढ़ पुलिस के पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का शनिवार रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और पटना के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पिछले महीने उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि उन्हें हृदय से जुड़ी गंभीर समस्या थी।

### डिवाइडर से टकराई कार यूट्यूबर अनुराग घायल

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक कार दुर्घटना में यूट्यूबर अनुराग डोभाल गंभीर रूप से घायल हो गए। डोभाल को टेलीविजन शो 'बिग बॉस' के 17वें सीजन में भाग लेने के बाद व्यापक स्तर पर पहचान मिली थी। अनुराग की एसयूवी 'टोयोटा फॉर्च्यूनर' कथित तौर पर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लगभग 150-160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में थी और डिवाइडर से टकरा गई।

### जी राम जी अधिनियम के लिए 'लोगो' प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम के लिए 'लोगो' डिजाइन प्रतियोगिता शुरू की गई है। यह प्रतियोगिता सरकार के नागरिक सहभागिता मंच 'मायजीओवी' पर शुरू हो चुकी है। और लोगों को ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन की दृष्टि को दर्शाने वाले रचनात्मक डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



## प. बंगाल में राष्ट्रपति का कार्यक्रम एक दिन पहले बदला, सियासी घमासान

# पीएम बोले-ये राष्ट्रपति नहीं, संविधान का अपमान, ममता ने शेयर की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली/कोलकाता

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी सरकार ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम को कुप्रबंधन के भरोसे छोड़ दिया। यह न केवल राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि भारत के संविधान का भी अपमान है। इधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का 'अपमान' करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि कल ही पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया। ▸▸ शेष पेज 6 पर

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से जवाब मांगा

### क्या है मामला

दरअसल, ये विवाद राष्ट्रपति मुर्मू के उत्तर बंगाल दौरे के दौरान सामने आया, जहां वह दार्जिलिंग जिले में 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं थीं। मूल रूप से कार्यक्रम बिधाननगर (फांसीदेवा ब्लॉक) में प्रस्तावित था, जहां बड़ी संख्या में संथाल आदिवासी समुदाय के लोग पहुंच सकते थे, लेकिन राज्य प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़भाड़ और अन्य कारणों का हवाला देकर इसे बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोशाईपुर में ट्रांसफर कर दिया गया।




### टीएमसी को माफ नहीं करेगी जनता

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जागरूक जनता तृणमूल कांग्रेस को 'एक महिला का अपमान करने, एक आदिवासी का अपमान करने और देश की माननीय राष्ट्रपति का अपमान करने' के लिए कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा, न तो देश माफ करेगा, न ही देश का आदिवासी समाज कभी माफ करेगा, और न ही देश की महिला शक्ति कभी माफ करेगी।

### गृहमंत्रालय का एक्शन

इधर, केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार से प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित 'उल्लंघनों' पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।



### इधर, ममता का पलटवार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति के सम्मान को लेकर उठे विवाद पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव के समय उन्हें और उनकी सरकार को बेवजह दोषी ठहराया जाता है। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक तस्वीर दिखाते हुए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। तस्वीर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खड़ी होकर दिग्गज भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी बैठे हुए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जारी की 25वीं किस्त

# सीएम साय बोले-महतारी वंदन योजना से मातृशक्ति को मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री मिनी स्टेडियम में आयोजित वृहद महतारी वंदन सम्मेलन–2026 में प्रदेश की माताओं-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण ही विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव है और राज्य सरकार का हर निर्णय महिलाओं के कल्याण, सम्मान और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर लिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त जारी करते हुए प्रदेश की 69 लाख 48 हजार महिलाओं ▸▸ शेष पेज 6 पर

1. 69 लाख 48 हजार महिलाओं के खातों में राशि
2. 641 करोड़ 58 लाख रुपए किए गए अंतरित



### 70 लाख बहनें लाभान्वित

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार गठित होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री की गारंटी को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। महतारी वंदन योजना से राज्य के करीब 70 लाख माताएं एवं बहनें लाभान्वित हो रही हैं।

### विकास में महिलाओं की बढ़ी भागीदारी

वन मंत्री केदार कश्यप ने हल्बी बोली में महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त करने लगातार प्रयास कर रही है। नियमित रूप से हर महीने सहायता राशि प्रदाय करना अपने वादे के प्रति वचनबद्धता है।

### बुजुर्ग का पैर छूकर सीएम ने लिया आशीर्वाद

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सफलता की कहानी पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया गया। महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं ने मुख्यमंत्री को फलों की टोकरी एवं धुरवा तुवाल भेंटकर आभार व्यक्त किया। हितग्राही बस्तर विकास खंड की भट्टी पारा निवासी बुजुर्ग महिला भागवती सेठिया से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## वीर चक्र से सम्मानित लांस हवलदार

# भारत-पाक 1965 युद्ध के नायक जॉर्ज नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस दिखाने वाले वीर चक्र से सम्मानित लांस हवलदार के.जी. जॉर्ज (सेवानिवृत्त) का 95 वर्ष की आयु में केरल में निधन हो गया। के.जी. जॉर्ज (सेवानिवृत्त) के पोते रेमो जॉन ने कहा, मेरे दादाजी का शनिवार की सुबह निधन हो गया। उनका जन्म फरवरी 1931 में हुआ था और उन्होंने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भाग लिया था। जॉन (21) ने बताया कि जॉर्ज का जन्म केरल में हुआ था और वह वृद्धावस्था के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पीड़ित थे। उन्होंने कोट्टयम स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। जॉर्ज ने भारतीय सेना के सिग्नल कोर में सेवा की थी, जो 1911 में स्थापित एक महत्वपूर्ण इकाई है। जॉर्ज को मिले वीर चक्र के प्रशस्ति पत्र में 1965 के युद्ध के दौरान उनके वीरतापूर्ण कार्य का वर्णन किया गया है और इसमें लिखा है कि उन्होंने उच्च कोटि का साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया।



### हमले के दौरान संचार लाइन स्थापित की

आठ और नौ सितंबर, 1965 की रात को अपनी जान को खतरे में डालकर भी, उन्होंने दुश्मन के हमले के दौरान ब्रिगेड मुख्यालय से अग्रिम बटालियनों तक संचार की एक लाइन स्थापित की।

## जिद कर मंगवाए मोमोज और चाप

# मोमोज-चाप खाकर रात को सोए भाई-बहन, सुबह मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन में संदिग्ध हालत में तबीयत बिगड़ने के बाद दो बच्चों की मौत हो गई। ये दोनों सगे भाई-बहन थे। बच्चों ने शनिवार रात को मोमोज और चाप खाई थी। इसके कुछ देर बाद उन्हें उल्टियां हुईं तो परिजनों ने घर में ही रखी दवा दे दी, जिसके बाद बच्चे सो गए थे, लेकिन सुबह बिस्तर से उठ नहीं सके। दोनों के शरीर नीले पड़े थे और उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक बच्चों की पहचान 6 साल के आरव और 9 साल की दानिका के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। पुलिस ने रेहड़ी पर मोमोज बेचने वाले को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। तरनतारन की डीएसपी वाली गली में रहने वाले विशाल और उनकी पत्नी नेहा ने बताया कि उनके 2 ही बच्चे आरव और दानिका थे। दोनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ थे। शनिवार शाम को बच्चों ने मोमोज खाने की जिद की। इसके बाद विशाल घर से कुछ ही दूर लगी रेहड़ी से मोमोज और चाप लेकर आए।



**परिजनों के मोबाइल जब्त:** डीएसपी सुखबीर सिंह ने बताया कि फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया था। पारिवारिक सदस्यों के मोबाइल फोन कब्जे में लेकर फास्ट फूड की रेहड़ी के चालक से भी पूछताछ की गई। पुलिस विभिन्न पहलूओं पर जांच कर रही है। बच्चों की मौत का कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद लगेगा।

### रेहड़ी वाले से पूछताछ

*माता-पिता के बयान के बाद पुलिस ने रेहड़ी पर मोमोज बेचने वाले को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। उस ने कहा कि उसने मोमोज बहुत से लोगों को बेचे हैं और लोगों ने खाए हैं। अगर मोमोज से तबीयत बिगड़ी होती तो बहुत से लोग अस्पताल में होते। ऐसे में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।*

## सरगुजा विवि के कुलसचिव का मामला

# संचालनालय में संलग्न करने का आदेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने कुलसचिव विनोद एक्का के मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि एक कुलसचिव की पदस्थापना सिर्फ विश्वविद्यालय में ही हो सकती है, इन्हें कही और संलग्न नहीं किया जा सकता है। दरअसल सरगुजा विवि के कुलसचिव विनोद एक्का को अनियमितता की जांच के नाम पर वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा संचनालय में संलग्न कर दिया गया है। एक्का ने खुद को किसी अन्य विवि में भेजने का अनुरोध कर आवेदन दिया है। दो साल तक कोई पहल नहीं होने पर उन्होंने हाईकोर्ट में एडवोकेट नीरज चौबे के माध्यम से याचिका पेश की। जस्टिस पीपी साहू की एकल पीठ में सुनवाई की गई।



### कोर्ट ने की ऐसी टिप्पणी

सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि रजिस्ट्रार को विवि के अलावा कहीं भी अटैच नहीं किया जा सकता है। इस पद के लिए विवि से बाहर कोई पदस्थापना नहीं हो सकती है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा संचनालय में संलग्न करने दिए गए आदेश को निरस्त कर दिया है।

## पत्नी व बच्ची को भरण-पोषण नहीं देने पर नियोक्ता कंपनी को दिया निर्देश

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश, पति के वेतन से हर माह 25 हजार काटकर पत्नी के खाते में भेजो...

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पति के नियोक्ता को निर्देश दिया कि वह उसके वेतन से हर महीने 25 हजार रुपये काटकर सीधे उसकी अलग रह रही पत्नी के बैंक खाते में जमा करे। यह राशि पत्नी और उनकी नाबालिग बेटी के भरण-पोषण के लिए दी जाएगी। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की खंडपीठ ने यह आदेश तब दिया, जब पाया कि पति पहले दिए गए अदालत के आदेशों का पालन नहीं कर रहा था और 2022 से अलग रहने के बावजूद उसने पत्नी और बच्ची के लिए कोई भरण-पोषण राशि नहीं दी।

### चार साल की बेटी मां के साथ

अदालत ने कहा कि दंपति की चार साल की एक बेटी है, जिसकी देखभाल पूरी तरह मां कर रही है। खंडपीठ ने यह भी दर्ज किया कि पिछले चार वर्षों में पति ने न तो बच्ची के पालन-पोषण में कोई योगदान दिया और न ही उससे मिलने का प्रयास किया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को मध्यस्थता के लिए भेजा था और विवाह समाप्त करने के लिए एकमुश्त समझौते की संभावना तलाशने को कहा था।



### पति ने दिया आर्थिक स्थिति का हवाला

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने पति द्वारा दाखिल आर्थिक स्थिति के हलफनामे की भी जांच की। उसमें उसने दावा किया कि उसकी मासिक आय 50 हजार रुपये है और वह आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। अदालत ने उससे पूछा कि क्या वह बकाया सहित 2.5 लाख रुपये जमा करने को तैयार है, लेकिन उसने भुगतान करने से इनकार कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा

इसके बाद पीठ ने आदेश देते हुए कहा, दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन परिस्थितियों में हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचता। इसलिए प्रतिवादी पति के नियोक्ता को निर्देश दिया जाता है कि उसके वेतन से हर महीने 25 हजार रुपये काटे जाएं और यह राशि आरटीजीएस के माध्यम से सीधे पत्नी के खाते में भेजी जाए।

### नाबालिग बच्ची के हितों को लेकर अदालत चिंतित

सुप्रीम कोर्ट ने विशेष रूप से नाबालिग बच्ची के हितों को लेकर चिंता व्यक्त की। अदालत ने नोट किया कि बच्ची की परवरिश मां अकेले कर रही है और पिता के निधन के बाद वह फिलहाल अपने चाचा के घर रह रही है। अदालत ने इस मामले को आदेश के अनुपालन की जानकारी के लिए अप्रैल में अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।



# राष्ट्रपति की गरिमा सर्वोपरि इस पर राजनीति ठीक नहीं

भारत के लोकतंत्र में राष्ट्रपति का पद केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सर्वोच्च गरिमा, संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यही कारण है कि इस पद को सदैव राजनीति से ऊपर रखा गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया दौरे के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया है, उसने न केवल प्रोटोकॉल की गंभीर अनदेखी को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि राजनीतिक कटुता किस तरह संवैधानिक मर्यादाओं पर भारी पड़ सकती है। राष्ट्रपति 7 मार्च को सिलीगुड़ी के फांसीदेवा क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने पहुंची थीं। यह कार्यक्रम आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन था। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का इस कार्यक्रम में शामिल होना स्वयं में एक ऐतिहासिक और प्रेरक क्षण था। यह न केवल आदिवासी समाज के सम्मान का विषय था, बल्कि यह भी संदेश देता था कि भारतीय लोकतंत्र अपने हाशिए पर खड़े समाजों की संस्कृति और पहचान को महत्व देता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि इस अवसर की गरिमा को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति के राज्य आगमन पर सामान्य प्रोटोकॉल यह कहता है कि मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत के लिए उपस्थित हो। यह परंपरा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्कार का हिस्सा है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति को रिसीव करने पहुंचीं और न ही राज्य सरकार का कोई मंत्री वहां मौजूद रहा। यही नहीं, कार्यक्रम स्थल को अंतिम समय में बदल दिया गया और नया स्थान इतना छोटा था कि अनेक लोग आयोजन में शामिल ही नहीं हो सके। राष्ट्रपति ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि बंगाल सरकार आदिवासियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं,ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ने विवाद को और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन वे यहां 50 बार आएं तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। एक तो गलती करना और ऊपर से अनर्गल बयानबाजी और कुतर्क देकर खुद का बचाव करना एक मुख्यमंत्री की गरिमा के खिलाफ है। असल में यह मामला केवल एक कार्यक्रम या प्रोटोकॉल की चूक का नहीं है। यह उस राजनीतिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें कभी-कभी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान को भी दलगत चश्मे से देखा जाने लगता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। राष्ट्रपति का पद दलों और सरकारों से ऊपर होता है। यह पूरे राष्ट्र की एकता और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे अवसर पर यदि राज्य सरकार की ओर से संवेदनशीलता और गरिमा का अभाव दिखाई देता है, तो यह केवल प्रोटोकॉल की चूक नहीं बल्कि एक गलत संदेश भी देता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होना चाहिए कि राष्ट्रपति का पद किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतीक है। इस पद की मर्यादा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। यदि हम अपने सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति भी संवेदनशील नहीं रहेंगे, तो लोकतंत्र की मर्यादा और परंपरा दोनों ही कमजोर पड़ने लगेंगी।



मुद्दा
उज्ज्वल दीपक

शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार–विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

# दुनिया को 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' की जरूरत

द्वितीय विश्व युद्ध (1944) जब खत्म भी नहीं हुआ था, तब अमेरिका के न्यू हैम्पशायर राज्य के माउंट वाशिंगटन होटल, ब्रेटन वुड्स में एक ऐतिहासिक बैठक की गई, जिसे 'ब्रेटन वुड्स कांफ्रेंस' कहा जाता है। इस कांफ्रेंस में 44 मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने साथ बैठकर यह समझने की कोशिश की कि युद्ध समाप्त होने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था को कैसे स्थिर बनाया जाए। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बीच के दौर में दुनिया ने कई गंभीर आर्थिक संकट देखे थे। देशों के बीच मुद्राओं का लगातार अवमूल्यन हो रहा था, कई देशों ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपनाईं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार कमजोर हुआ और महामंदी जैसी अभूतपूर्व आर्थिक तबाही देखी गई।

कई इतिहासकारों का मानना है कि इस आर्थिक अव्यवस्था से उत्पन्न परिस्थितियां द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने में महत्वपूर्ण कारण बनीं। इस कांफ्रेंस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने, अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया अमेरिकी ट्रेजरी के अधिकारी हैरी डेक्सटर व्हाइट ने और दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक। इनके माध्यम से वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को स्थिर करने और युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई गई। इसी दौर में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी हुई, जिसका उद्देश्य था देशों के बीच संवाद बनाए रखना और भविष्य के युद्धों को रोकना। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तीनों संस्थाओं का मुख्य कार्यालय अमेरिका में ही स्थापित किया गया, जिससे अमेरिका की प्रभुता स्थापित हुई और आज शायद इसी वजह से बाकी सारे देश कहीं ना कहीं अमेरिका पर निर्भर हैं। अमेरिका के पूरे विश्व पर आर्थिक वर्चस्व की भूमिका भी यहीं तैयार की गई। जब एक अमेरिकी ट्रेजरी अधिकारी के सामने ब्रिटेन के महान अर्थशास्त्री कमजोर पड़े और यह तय किया गया कि वैश्विक मुद्रा व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए दुनिया की अधिकांश मुद्राओं को अमेरिकी डॉलर से जोड़ा जाए, और अमेरिकी डॉलर को सोने से जोड़ा जाए, जिसकी कीमत उस समय 35 डॉलर प्रति औंस तय की गई। तीन सप्ताह के कांफ्रेंस ने तीन दशकों (1945 से 1971) तक दुनिया को कई महत्वपूर्ण स्थिरताएं दीं। वैश्विक स्तर पर विनिमय दरों में स्थिरता बनी रही, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का तेजी से विस्तार हुआ, द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए यूरोप और जापान के पुनर्निर्माण में मदद मिली और दुनिया ने कई दशकों तक लगातार आर्थिक विकास का दौर देखा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस व्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत रूप दिया। पहले जहां देश आर्थिक प्रतिस्पर्धा और मुद्रा युद्ध में उलझे रहते थे, वहीं अब विवादों को बातचीत और तय नियमों के माध्यम से सुलझाने की कोशिश होने लगी। हालांकि यह व्यवस्था हमेशा के लिए नहीं टिक सकी। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर को सोने में बदलने की व्यवस्था समाप्त कर दी। इसके साथ ही स्थिर विनिमय दरों पर आधारित ब्रेटन वुड्स प्रणाली धीरे-धीरे समाप्त हो गई। इसके बाद दुनिया ने फ्लोटिंग करेंसी सिस्टम यानी बाजार आधारित विनिमय दरों को अपनाया। इसके बावजूद अमेरिकी डॉलर की वैश्विक



वर्चस्व वाली भूमिका बनी रही और वह आज भी दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा के रूप में कायम है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली को एक तरह की स्थिरता तो मिलती है, लेकिन साथ ही इससे अमेरिका को असामान्य रूप से अधिक आर्थिक और रणनीतिक शक्ति भी मिल जाती है। आज, लगभग अस्सी साल बाद, वही ढांचा कई जगह कमजोर पड़ता दिखाई देता है।

दुनिया इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां अनिश्चितता और तनाव, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, महामारी की आशंका और कमजोर पड़ती वैश्विक संस्थाएं एक साथ दिखाई दे रही हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष ने चिंता को और गहरा कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यह संकट केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं है। आज के दौर में युद्ध कई रूपों में लड़ा जा रहा है। ट्रेड वॉर और टैरिफ की राजनीति, आर्थिक प्रतिबंध, वित्तीय दबाव, बैंकिंग व्यवस्था से बाहर करना और व्यापारिक प्रतिबंध भी अब कूटनीति के प्रमुख हथियार बन चुके हैं। अगर यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो दुनिया धीरे-धीरे अलग-अलग आर्थिक खेमों में बंट सकती है। इतिहास बताता है कि जब आर्थिक व्यवस्था टूटती है तो राजनीतिक टकराव और भी गहरा हो जाता है। इसी बीच एक और महत्वपूर्ण सवाल वैश्विक संस्थाओं की भूमिका को लेकर उठ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति बनाए रखने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन आज कई अंतरराष्ट्रीय संकटों में वह प्रभावी हस्तक्षेप करने में असमर्थ दिखाई देता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना भी 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाती है, न कि 2026 की दुनिया को। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में मताधिकार और निर्णय शक्ति का ढांचा अभी भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों को दर्शाता है। यही वह संदर्भ है जिसमें कई विशेषज्ञ अब 'नए ब्रेटन वुड्स' की बात कर रहे हैं। उनका मानना है कि जिस तरह 1944 में दुनिया ने मिलकर नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बनाई थी, उसी तरह आज भी वैश्विक संस्थाओं और नियमों की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। एक नया वैश्विक सम्मेलन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा का मंच बन सकता है।

प्रसिद्ध इतालवी चिंतक निकोलो माकियावेली ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द प्रिंस' में एक दिलचस्प बात कही थी। उनका मानना था कि जब दो शक्तिशाली मित्र राष्ट्र आपस में संघर्ष में उतर जाएं, तो किसी तीसरे देश के लिए लंबे समय तक तटस्थ बने रहना कठिन होता है। पाँच सौ साल पहले लिखी गई यह बात आज की वैश्विक राजनीति में एक नए संदर्भ के साथ सामने आती है। वर्तमान समय में भारत भी कुछ हद तक ऐसी ही कूटनीतिक दुविधा का सामना कर रहा है। सवाल यह नहीं है कि दुनिया को बदलाव की जरूरत है या नहीं ? असली सवाल यह है कि क्या वैश्विक नेतृत्व समय रहते उस बदलाव के लिए तैयार होगा ? क्योंकि इतिहास का एक सबक बहुत स्पष्ट है, जब संस्थाएं कमजोर पड़ती हैं, तब संघर्ष मजबूत हो जाता है। शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

( लेखक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# पश्चिमी एशिया में युद्ध से निर्मित निर्यात चुनौतियां

हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देने के लिए काम कर रही है। इन दिनों निर्यातक रसद संबंधी चुनौतियों के अलावा घरेलू बंदरगाहों पर पश्चिम एशिया जाने वाले कार्गो के अटकने से खड़े होने वाले संकट के प्रति आगाह कर रहे हैं। 7 मार्च को थिंक टेक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत के करीब 11.8 अरब डालर मूल्य के कृषि निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, यह भारत के द्वारा पिछले वर्ष किए गए कुल कृषि निर्यात का करीब 21.8 प्रतिशत है। ऐसे में सरकार अपने निर्यातकों को राहत देने के कुछ ठोस तरीके अपनाने की डगर पर आगे बढ़ी है। सरकार ने तत्परतापूर्वक युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर निर्यात से संबंधित सरकारी मंत्रालयों, निर्यातकों के संगठन, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों की विशेष बैठक में विचार मंथन के बाद बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क सहित निर्यातकों को हरसंभव सहयोग-प्रोत्साहन दिया जाना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के बीच ईरान के द्वारा वैश्विक शिपिंग रूट होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया गया है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल, करीब 20 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और खाद्य उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस जलमार्ग के बंद हो जाने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित होने लगी है। चूंकि कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता के साथ निर्यात चुनौती निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि 7 मार्च को कच्चे तेल की कीमत करीब 91 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई है। युद्ध के लंबा खींचने पर कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है और इससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे और इससे भारत से निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की चुनौती गहराते हुए दिखाई देगी।च इस युद्ध से सीधे तौर पर जुड़े हुए अमेरिका, इजराइल और ईरान सहित युद्ध से प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देश भी भारत के लिए निर्यात के प्रमुख बाजार हैं, ऐसे में भारत के निर्यातकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पश्चिम एशिया जाने वाला माल भारत के घरेलू बंदरगाहों पर जमा होने लगा है। शिपिंग कंपनियां चालक दल, कार्गो और जहाजों की सुरक्षा को देखते नए निर्यात आदेश नहीं ले रही हैं। ऐसे में खासतौर से पश्चिम एशिया के देशों में निर्यात घटने की आशंका है। भारत ने इस वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अप्रैल से दिसंबर की अवधि में पश्चिम एशिया के 13 देशों को करीब 50 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जो भारत के कुल निर्यात का करीब 15 फ़ीसदी है। इन विभिन्न देशों में भारत से होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न-आभूषण,प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत को द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ लेते हुए निर्यात को हरसंभव तरीके से बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अब घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के विस्तारित होते हुए युद्ध की वजह से भारत के समक्ष दिखाई दे रही निर्यात चुनौतियों से निपटने और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विभिन्न देशों के साथ भारत के व्यापार समझौतों के अधिकतम लाभ हेतु गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों की राह पर आगे बढ़ेगी। सरकार केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित नए निर्यात प्रोत्साहनों से दृढ़ता के साथ नए निर्यात बाजारों में कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगी। सरकार के द्वारा हाल ही में निर्यातकों के लिए जो बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क बनाई गई है, वह डेस्क निर्यातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के लिए हरसंभव सहयोग और सहायता के लिए अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## ऐसे काम न करें, जिससे लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत सिर्फ शांति चाहता है

भारत सिर्फ और सिर्फ शांति चाहता है और हर समस्या का समाधान सदैव बातचीत से ही करने का पक्षधर रहा है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस–यूक्रेन व इजराइल–अमरीका बनाम ईरान युद्ध को रोकने और समस्यात्मक मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करने का संदेश दुनिया को दिया है। हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ भी सदा रहा है और सभी देशों से मिलकर दुनिया में फैले आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कटिबद्ध भी है। बात सही है, हर मुद्दे के लिए आर्मी का उपयोग सूझबूझ व समझदारी नहीं है। इससे मानव संसाधन–सैनिक संसाधन के साथ ही विकास को भी गहरा नुकसान पहुंचता है। इसलिए हर तरह के युद्ध और आतंकवाद का बातचीत से समाधान होना चाहिए।

*– जयेश साहू, धमतरी*

## करंट अफेयर

### भारत एवं चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें


चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक–दूसरे को 'प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार' और 'खतरे के बजाय अवसर' के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए। वांग ने कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, '2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नयी शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन शिखर सम्मेलन ने चीन–भारत संबंधों में और सुधार किया।' उन्होंने कहा, 'सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय हुई बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में एक नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान–प्रदान देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है। इन सभी से दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।' वांग ने संबंधों के भविष्य के स्वरूप पर कहा कि दोनों देशों को एक–दूसरे के प्रति प्रतिद्वंद्वी के बजाय भागीदार के रूप में और खतरे के बजाय अवसर के रूप में' सही रणनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों को अच्छे पड़ोसी के संबंधों और मित्रता को बनाए रखना चाहिए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए।



## ऑफ बीट

### होता कुछ है, देखते कुछ हैं दृश्य भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।



## ट्रेंड

### नारी शक्ति की उपलब्धियां

भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका का सशक्त प्रमाण हैं। भारत की प्रगति के साथ-साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की ओर हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### लोकतंत्र पर सीधा हमला

आज हम जो देख रहे हैं वह इस गणतंत्र की लोकतांत्रिक नींव पर सीधा हमला है। भाजपा ने अपने "एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी" के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है।

**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**



### हमारी विदेश नीति

हमारी विदेश नीति पहली बार विदेशी तय कर रहे हैं। भाजपा ने हमारी परंपरागत 'गुट निरपेक्षता' की विदेश नीति की जगह 'गुट सापेक्षता' की विदेशी नीति अपनाकर संप्रभुता की नीति पराये हाथों में सौंप दी है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



### हवाई किराए में वृद्धि

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। इससे विदेशों में फंसे भारतीयों, विशेषकर छात्रों और कामगारों के लिए वतन वापसी, या भारत आए प्रवासियों की अपने काम और शिक्षण संस्थानों तक वापसी कठिन हो गई है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

मकसद बेहद नेक और वैज्ञानिक, वन्य जीवों की सुरक्षा का समुचित प्रबंध

# देश में पहली बार नेशनल हाईवे पर बनाई लाल पट्टियों वाली अनोखी सड़क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैसे तो भारतीय सड़कों पर अक्सर आपने सफेद और पीली पट्टियां देखी होंगी, लेकिन क्या आपने कभी हाईवे के बीचों-बीच चमकदार लाल पट्टियां बिछी नहीं देखी होंगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ने मध्य प्रदेश में एनएच 45 के एक हिस्से पर लाल रंग की उभरी सड़क तैयार की है। मध्य प्रदेश के जबलपुर-भोपाल हाईवे (एनएच-45) पर सफर करने वाले यात्री इन दिनों एक अनोखे नजारे के गवाह बन रहे हैं। यह हिस्सा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर गुजरता है। इसके पीछे का मकसद बेहद नेक और वैज्ञानिक है। इसका उद्देश्य है ड्राइवर को पहले से चेतावनी मिले और जंगल के जानवर सुरक्षित रहें।

## क्या है लाल उभरी सड़क और कैसे करती है काम

एनएच 45 के करीब 2 किलोमीटर हिस्से पर 5 एमएममोटी लाल रंग की टेबल टॉप मार्किंग की गई है। यह रंग इतना चटकीला है कि ड्राइवर को दूर से ही समझ आ जाता है कि आगे जंगल का इलाका शुरू हो रहा है। सड़क की सतह हल्की उभरी हुई है, जिससे वाहन गुजरते समय हल्का झटका महसूस होता है और स्पीड अपने आप कम हो जाती है।

### क्यों चुना गया वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व साल 2023 में मध्य प्रदेश का 7वां टाइगर रिजर्व बना था। यह इलाका सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में फैला हुआ है। यहां बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है और फिलहाल करीब 26 बाघ मौजूद बताए जाते हैं। इसी वजह से यह हाईवे हिस्सा वन्यजीव टकराव के लिहाज से बेहद संवेदनशील था।

### हादसों की डरावनी हकीकत

तेज रफ्तार वाहनों की वजह से बाघ, तेंदुआ, हिरण और अन्य जानवर सड़क पार करते समय हादसों का शिकार होते थे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 2 सालों में मध्य प्रदेश में 237 वन्यजीव वाहन टक्कर के मामले सामने आए, जिनमें 94 जानवरों की मौत हुई। एनएच 45 का यह हिस्सा पहले डेंजर जोन माना जाता था।



### सिर्फ लाल सड़क नहीं पूरा सुरक्षा प्लान

*इस हाईवे के करीब 12 किलोमीटर लंबे सेक्शन में 25 वाइल्डलाइफ अंडरपास बनाए गए हैं। इसके अलावा फेंसिंग और दूसरे स्मार्ट सेफ्टी इंतजाम भी किए गए हैं। यह पूरा काम टू लेन से फोर लेन विस्तार परियोजना का हिस्सा है, जिसमें विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी जोर दिया गया है।*

### एनएचएआई का क्या कहना है

एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक यह लाल उभरी सड़क ड्राइवर को बिना जबरदस्ती स्पीड कम करने पर मजबूर करती है। इसके लिए अलग से स्पीड ब्रेकर या भारी भरकम साइन बोर्ड लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह तरीका सरल है और असर भी तुरंत दिखता है।

### क्यों बन सकती है देश के लिए मिसाल

यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है। जंगलों और वन्यजीव क्षेत्रों से गुजरने वाले दूसरे हाईवेज पर भी इस मॉडल को अपनाया जा सकता है। यह पहल दिखाती है कि सड़कें सिर्फ दूरी नहीं घटातीं, बल्कि जिम्मेदारी का रास्ता भी दिखा सकती हैं। यह सिर्फ रंग का खेल नहीं है, बल्कि इसके पीछे का मनोविज्ञान ड्राइवरों को सतर्क करना है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की 'गुलाम' है द्रमुक : पलानीस्वामी



**इरोड।** अन्नाद्रमुक प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पर पलटवार करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अपने सहयोगी दल कांग्रेस की 'गुलाम' है। पलानीस्वामी ने इरोड के पेरुंथुरई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि अंततः कांग्रेस पार्टी ने अपने सहयोगी द्रमुक को धमकाया और इस साल अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 28 सीटें हासिल कर लीं।

### पाक में रह रहे आतंकी की संपत्ति जब्त की गई

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकी सरगना की राजौरी जिले के मांजकोट इलाके में स्थित अचल संपत्ति जब्त कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति में घोषित अपराधी शफीक अहमद की सात मरला जमीन शामिल है, जो नाइका पंजग्रेन गांव का निवासी है। उन्होंने कहा कि अहमद सीमा पार करके पाकिस्तान चला गया है और वर्तमान में वहीं से अपनी गतिविधियां चला रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि सक्षम अदालत के आदेश के बाद जब्ती की कार्रवाई की गई है।

विपक्ष के सभी आरोपों का जवाब देने सरकार ने भी कमर कसी

# आज से फिर गरमाएगा सदन, ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर हंगामे के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजट सत्र का पहला चरण सत्ता पक्ष और विपक्ष की तीखी तकरार की भेंट चढ़ गया और अब दूसरा चरण आज सोमवार से शुरू हो रहा है। चूंकि, इस सत्र की शुरुआत ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के साथ होनी है, इसलिए हंगामे के पूरे आसार हैं। इसके अलावा ईरान-इजरायल युद्ध, ईरानी सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत पर भारत के संतुलित रुख और रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी दावे-दखल जैसे मुद्दों पर विपक्ष की जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, उससे इशारा मिलता है कि इनके सहारे सरकार को घेरने का प्रयास होगा। वहीं, सरकार भी कमर कसकर तैयार दिख रही है। वहीं एआई इम्पैक्ट समिट में अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन के मामले में अन्य विपक्षी सहयोगियों का साथ न मिलने से कांग्रेस अकेले कठघरे में खड़ी है तो इसे देश के अपमान से जोड़कर सरकार भी करारा पलटवार कर सकती है।



### इन मुद्दों पर हो सकता है गतिरोध

बजट सत्र के दूसरे चरण में वैश्विक संघर्ष और उसके प्रभाव संसद में गतिरोध का कारण बन सकते हैं। विपक्षी दल रूसी तेल की खरीद जारी रखने में अमेरिका के दावे को आधार बनाकर संसद में भी इन आरोपों के साथ चर्चा कराना चाहेगा कि भारत अमेरिका के दबाव में है, क्योंकि राहुल गांधी इस मुद्दे को तूल दे भी रहे हैं। इसके साथ ही भारतीय समुद्री क्षेत्र में ईरानी युद्धपोत पर हमले की घटना को विपक्ष भारत के लिए सामरिक चुनौती के रूप में पेश कर सकता है। वहीं, खामेनेई की मौत पर भारत सरकार की शुरुआती चुप्पी पर भी कांग्रेस ने खास तौर पर सवाल उठाए हैं।

### लोकसभा अध्यक्ष पर विपक्ष का आरोप

विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और कांग्रेस के सांसदों को लेकर कुछ गलत दावे भी किए। इसी वजह से कई विपक्षी दलों के नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया है। नियमों के अनुसार, प्रस्ताव दिए जाने के बाद ओम बिरला ने खुद को कार्यवाही से अलग कर लिया है और कहा गया है कि प्रस्ताव पर फैसला होने के बाद ही वह फिर से सदन की कार्यवाही संभालेंगे।

### एसआईआर को लेकर भी होगी नोक-झोंक

उधर, चुनावी मुहाने पर खड़े पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर रही हैं। टीएमसी सांसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध जिस तरह के तीखे बयान दिए हैं, उससे पूरा अंदेशा है कि इस टीएमसी इसी मुद्दे पर संसद में गतिरोध पैदा करना चाहेगी।

### सत्ता पक्ष ने भी कर रखी है पूरी तैयारी

लोकसभा स्पीकर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को गिराने सहित विपक्ष को जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष ने भी पूरी तैयारी की है। बजट सत्र के पहले चरण में पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को लेकर राहुल गांधी को घेरना, आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन, कांग्रेस की महिला सांसदों का सदन में पीएम की कुर्सी का घेराव करना, उन पर हमले का षड्यंत्र रचना सहित अन्य मुद्दे भी दूसरे चरण में जारी रह सकतें हैं, क्योंकि राजनीतिक मंचों से नेता प्रतिपक्ष इस मुद्दे को अभी भी लगातार उठा रहे हैं।

### सत्ता पक्ष के पास लोस में पर्याप्त बहुमत

*संख्या बल के लिहाज से सरकार मजबूत स्थिति में है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के पास लोकसभा में बहुमत है, इसलिए माना जा रहा है कि यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ओम बिरला के समर्थन में सामने आए हैं और कहा है कि उन्होंने हमेशा संविधान और संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुसार काम किया है।*

# अनिल अंबानी पर एफआईआर दर्ज, पीएनबी से 1,085 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि ये कार्रवाई पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर की गई है। आरोप है कि 2013 से 2017 के बीच अनिल और उनकी कंपनी ने बैंक से 1,085 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी की है।

एफआईआर में कहा गया है कि आरोपियों ने कथित तौर पर आपराधिक साजिश रची और बेईमानी से बैंकों को रिलायंस को क्रेडिट फैसिलिटी देने के लिए उकसाया। शिकायत के मुताबिक, लोन खातों को 2017 में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स घोषित कर दिया गया था। बैंक ने यह भी बताया कि बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट के बाद फरवरी 2021 में अकाउंट को फ्रॉड घोषित कर दिया गया था।



### अनिल अंबानी पर क्या हैं आरोप?

अनिल और उनकी कंपनी पर वित्तीय अनुशासन का उल्लंघन करने, गबन और मंजूरी की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप है। पीएनबी के मैनेजर संतोषकृष्ण अन्नवरपु की शिकायत के अनुसार, अनिल और कंपनी के अन्य निदेशकों ने बैंक से ली राशि का गलत इस्तेमाल किया। एफआईआर में कहा गया है कि आरोपियों ने पीएनबी को 621.39 करोड़ रुपये और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 463.80 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। यूनाइटेड बैंक का पीएनबी में विलय हो चुका है।

**ईडी ने पहले 3,700 करोड़ का घर किया था जब्त :** बता दें कि 6 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी और रिलायंस पावर से जुड़े कई कारोबारियों और संस्थाओं के ठिकानों पर छापेमारी की थी। मुंबई में करीब 10 से 12 जगहों पर ये छापे मारे गए थे।

### धोखाधड़ी से जुड़े कई मामलों में घिरे अनिल

अनिल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के 4 मामले दर्ज हैं। रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड समेत समूह की अन्य कंपनियों ने बैंकों से 12,524 करोड़ रुपये का लोन लिया था। इसमें से 6,931 करोड़ रुपये का लोन एनपीए घोषित हो गया। ये राशि रिलायंस समूह की अन्य कंपनियों को वापस भेज दी गई। एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और यस बैंक से मिले लोन में अनियमितता मिली है। उनको बैंकों ने फ्रॉड घोषित किया है।




चाकू मारे, नाक काटने की कोशिश

## शंकराचार्य पर एफआईआर कराने वाले आशुतोष महाराज पर चलती ट्रेन में हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ कोर्ट में यौन उत्पीड़न का केस दाखिल करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर जानलेवा हमला हुआ है। यह हमला रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज जाते वक्त किया गया है। फतेहपुर और कौशांबी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के बीच घटना घटी है। आशुतोष ब्रह्मचारी पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। इस हमले वे लहु-लुहान हो गए हैं। आशुतोष महाराज ने ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर अपनी जान बचाई है। इस जानलेवा हमले में आशुतोष महाराज को कई जगह चोटें आई हैं। आशुतोष ब्रह्मचारी लहूलुहान हालत में वह प्रयागराज पहुंचे। हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर है। मीडिया से फोन पर हुई बातचीत में आशुतोष महाराज ने बताया कि हमलावर उनकी नाक काटना चाहता था। उन्होंने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद समेत अन्य लोगों को साजिशकर्ता बताया है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ एक और क्रिमिनल केस दर्ज हो सकता है।

तमिलनाडु में चुनावी तालमेल

## कांग्रेस और डीएमके में सीट बंटवारा फाइनल, 28 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु में कई दिनों से जारी अनिश्चितता को खत्म करते हुए सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर अंतिम मुहर लग गई है। सीट बंटवारे के फार्मूले के तहत कांग्रेस 28 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। 2021 में कांग्रेस ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था। यानी इस बार पार्टी को 3 सीटें ज्यादा मिली हैं। इसके अलावा कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट भी मिली है। कांग्रेस पहले 35 सीटों पर अड़ी हुई थी। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने डीएमके प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से चर्चा की। स्टालिन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बीच भी बातचीत हुई।

### थलापति विजय के आने से मुकाबला रोचक

तमिलनाडु की 234 सीटों वाली विधानसभा में इस साल चुनाव होना है। डीएमके -कांग्रेस का गठबंधन हो चुका है और भाजपा-एआईएडीएमके में गठबंधन को लेकर चर्चा चल रही है। वहीं, अभिनेता थलापति विजय ने पहली बार चुनावी मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।



# ब्लैडर कैंसर की इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन की अस्पतालों में किल्लत, आपूर्ति बाधित होने से मरीजों की बढ़ी चिंता

## निर्माता दवा कंपनी नहीं कर पा रही सप्लाई, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में शार्टेज

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

■ अस्पतालों के साथ दवा बाजार में भी नहीं मिल रही, दूसरे पखवाड़े बाद ही राहत

ब्लैडर कैंसर की पीड़ा से जूझ रहे मरीजों के सामने पिछले कुछ समय से एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। इनके लिए इम्यूनोथैरेपी के रूप में उपयोग की जाने वाला ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी के इंजेक्शन की अस्पतालों के साथ दवा बाजार में किल्लत हो गई है। इस दवा की प्रमुख निर्माता कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में आपूर्ति बाधित होने की वजह से मरीजों की चिंता बढ़ गई है। दवा बाजार से जुड़े कारोबारियों का तर्क है कि इसकी सप्लाई मार्च के दूसरे पखवाड़े के बाद ही संभव है।

सूत्रों के मुताबिक, कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को दोबारा पनपने से रोकने के लिए ऑन्को-बीसीजी इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन को जरूरी माना जाता है। चिकित्सकों



के मुताबिक, यह थैरेपी एक निश्चित समय के बाद मरीजों को दी जाती है। यह इंजेक्शन बहुत रुटीन में नहीं है, इसलिए सामान्यतः इसकी शार्टेज होना मरीजों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। पिछले कुछ समय से इसकी उपलब्धता राजधानी की निजी अस्पतालों के साथ दवा बाजार में नहीं है, जिसकी वजह से एक नियत अवधि में इसे लगवाने वाले मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। हरिभूमि की टीम ने जब संबंधित इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में दवा बाजार में इन्वेस्टीगेशन किया तो पता चला कि पिछले पंद्रह-बीस दिनों से निर्माता कंपनी इसकी सप्लाई नहीं कर रही है। बाजार में मौजूदा स्टॉक भी खत्म हो गया और कंपनी से नई खेप आने का इंतजार किया जा रहा है। दवा कारोबारियों के मुताबिक, सिप्ला कंपनी का यह इंजेक्शन दवा दुकानों में तो दूर, नागपुर के डिपो में भी नहीं है। इसकी शार्टेज छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में बनी हुई है। दवा कारोबारियों का कहना है कि कंपनियों को डिमांड भेजी जा चुकी है, मगर इसकी आपूर्ति मार्च के दूसरे पखवाड़े में ही होने का अनुमान है।

बाजार में दवा की उपलब्धता को सामान्य बनाए रखने की जिम्मेदारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की होती है। ब्लैडर कैंसर की इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन की सप्लाई बाधित होने के बाद विभागीय अधिकारी इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर उन्हें यह भी बताया गया कि सिप्ला कंपनी के नागपुर डिपो में भी इस इंजेक्शन की उपलब्धता नहीं है।

### शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को करता है मजबूत

यह इंजेक्शन मरीजों के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए दिया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग सभी मरीजों के लिए नहीं किया जाता है। 'इंट्रावेसिकल इम्यूनोथैरेपी' कैंसर की कोशिकाओं से शरीर को लड़ने के लिए मजबूत करती है।

– **डॉ. आशुतोष गुप्ता,** ऑन्कोलाजिस्ट, आंबेडकर अस्पताल

### शार्टेज बनी हुई है

ऑन्को-बीससीजी 40 एमजी की सप्लाई पिछले कुछ समय से कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है। संबंधित कंपनी के डिपो में भी स्टॉक नहीं है। संभावना है कि माह के दूसरे पखवाड़े में बाजार में इसकी उपलब्धता हो जाएगी।

– **ठा. राजेश्वर सिंह,** दवा कारोबारी

## सरकारी विभागों पर ही तीन हजार करोड़ का बकाया

# सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी दफ्तरों भी अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बकाया वसूली के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है। आमतौर पर आम उपभोक्ता से तो वसूली के लिए बिजली तक कट कर दी जाती है, लेकिन सरकारी दफ्तरों की तरफ झांका भी नहीं जाता है। अब सरकारी दफ्तरों में जाकर पॉवर कंपनी के अधिकारी उनके बकाया बिल की जानकारी देकर बिल जमा करने के लिए कहेंगे, हालांकि बिजली कट नहीं की जाएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा, प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक कर बकाया वसूली के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिला एवं कंपनी के



संभागीय कार्यालयवार शासकीय कार्यालयों के बकाया संबंधी जानकारी एकत्र कर एक सप्ताह के भीतर समीक्षा पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध कनेक्शन लेने वाले घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं की भी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, अभियान चला कर बकाया राशि की वसूली की जाए।

प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर पॉवर कंपनी का करीब तीन हजार करोड़ का बकाया है, इसमें से 600 करोड़ रुपए पॉवर कंपनी को मिल गए हैं। मार्च के अंत तक और बकाया मिलने का संभावना है। इसके बाद वैसे भी सरकारी विभागों का बकाया फ्रीज कर दिया जाएगा और सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे।

### कृषि पंपों को दें नियमित बिजली

बैठक में वर्तमान में रबी फसल के लिए कृषि सिंचाई पंप की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए संवेदनशीलता से इन मामलों में निर्णय लेने के लिए निर्देशित किया है। श्री कंवर ने कहा, कृषि पंपों को बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से होती रहे इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर कैपेसिटर बैंक लगाए जाएं एवं सभी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बढ़ती गर्मी के साथ ही विद्युत मांग में संभावित बढ़ोतरी को देखते हुए मैदानी अमले द्वारा प्राथमिकता से रखरखाव सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यपालक निदेशक राजस्व सहदेव ठाकुर, कार्यपालक निदेशक संचारण एवं संधारण जेएस नेताम समेत सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य अभियंता शामिल हुए।

# नया रायपुर बनेगा सोलर सिटी, क्रेडा ने प्रदेश सरकार को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने पहले चरण में 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की योजना तैयार की है। इस योजना को प्रदेश सरकार से मंजूरी के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। पहले 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया है। अब क्रेडा ने हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना तैयार करके प्रस्ताव भेजा है।

देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है, वहीं राज्यों में बड़े-बड़े सरकारी और निजी सोलर प्लांट भी लगाने का काम हो रहा है। आवासीय कॉलोनियों के लिए भी रेस्को मॉडल में काम हो रहा है।इन विभागों की योजना तैयार

नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है। लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं। क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए अलग-अलग योजना तैयार की है। इसमें सबसे ज्यादा 500 किलोवाट की योजना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की है। इसी के साथ रिटेल कांप्लेक्स के लिए 400 किलोवाट, सीएसआईडीसी



मेला स्थल के लिए 250 किलोवाट, ऑफिस कांप्लेक्स के लिए 200 किलोवाट, आदिवासी संग्रहालय के लिए 200 किलोवाट, कमर्शियल कांप्लेक्स के लिए 100 किलोवाट, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के लिए 90 किलोवाट, राज्य योजना आयोग के लिए 90 किलोवाट, इंस्टीट्यूट होटल मैनेजमेंट के लिए 80 किलोवाट, लोक निर्माण विभाग डिवीजन 3 के लिए 70 किलोवाट, छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग के लिए 60 किलोवाट, डेवलपमेंट कमिश्नर ऑफिस के लिए 55 किलोवाट, सचिव स्टेट इनफार्मेशन कमीशन के लिए 50 किलोवाट, सचिव राज्य चुनाव आयोग के लिए 45 किलोवाट सहित अन्य विभागों में 30-30 किलोवाट की योजना तैयार की है।

### सरकार को मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव

नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने लिए अलग-अलग विभागों की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, वहां से मंजूरी के बाद काम प्रारंभ होगा।

– **भूपेंद्र सवन्नी,** अध्यक्ष क्रेडा

# 22 साल में पहली बार नियामक आयोग में अध्यक्ष न होने के बाद भी नया टैरिफ होगा तय

## सितंबर से खाली है अध्यक्ष का पद, दो सदस्य होने के कारण परेशानी नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग में नए टैरिफ की प्रक्रिया चल रही है। जनसुनवाई के बाद अब आयोग लेखा-जोखा देख रहा है। इसके बाद नया टैरिफ तय होगा। 22 साल में ऐसा पहली बार होगा जब आयोग में अध्यक्ष न होने के बाद भी टैरिफ का आर्डर जारी किया जाएगा। आयोग में अध्यक्ष का पद बीते साल 19 सितंबर से खाली है। अब तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। ऐसे में लग रहा था कि पॉवर कंपनी की याचिका पर फैसला नहीं हो सकेगा और जनसुनवाई भी नहीं हो सकेगी, लेकिन इस संबंध में आयोग के सचिव एसपी शुक्ला का कहना है कि अध्यक्ष न होने से फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्य हैं। ऐसे में जनसुनवाई भी समय पर की गई और नए टैरिफ पर फैसला भी समय पर हो जाएगा।

पॉवर कंपनी की याचिका पर बीते माह आयोग ने जनसुनवाई की है। पहली बार पॉवर कंपनी के आधा दर्जन क्षेत्रीय कार्यालयों में भी दो दिनों तक जनसुनवाई की गई। इसके बाद आयोग के दफ्तर में दो दिनों तक जनसुनवाई की गई। इसमें जो भी सुझाव आए हैं, उस पर भी आयोग ध्यान देगा।

पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।

**महंगी बिजली का झटका**

बिजली नियामक आयोग को जो याचिका मिली है, उसकी आयोग ने जनसुनवाई के बाद समीक्षा करना प्रारंभ कर दिया है। इसमें आयोग देखेगा कि वास्तव में कंपनी को कितने राजस्व की जरूरत है। उसका वास्तव में खर्च कितना होगा। इसी के साथ कंपनी ने नए सत्र में जितनी बिजली बिकने की संभावना जताई है, उससे कितनी ज्यादा बिजली बिकेगी और इससे कितना राजस्व मिलेगा। सबसे अहम बात यह है कि कंपनी ने जो अंतर की 63 सौ करोड़ की राशि का उल्लेख किया है, आयोग उस अंतर की राशि में नए सत्र में उसको कितनी राशि लेने की मंजूरी देता है। इसी तय राशि के हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। जितनी ज्यादा राशि को माना जाएगा, उतने के हिसाब से बिजली महंगी होगी। यह तय है कि महंगी बिजली का झटका लगेगा, यह झटका कितना तगड़ा होगा, यह अंतर की राशि से तय होगा।

# राज्यसभा चुनाव : नाम वापसी आज, निर्विरोध चुनी जाएंगी लक्ष्मी और फूलो

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस से फूलोदेवी नेताम और भाजपा से लक्ष्मी वर्मा ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं तेलंगाना के विधायक कोंटे सयाना का नामांकन जांच के दौरान निरस्त हो जाने के कारण अब दो ही प्रत्याशी रह गए हैं। ऐसे में सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया केवल औपचारिकता रह जाएगी। कांग्रेस-भाजपा से दोनों को चुना जाना तय हो गया है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्विरोध निर्वाचन संपन्न होगा। राज्यसभा की दो सीटों में विधानसभा में संख्या बल के आधार पर भाजपा और कांग्रेस को एक-एक सीट मिलना तय है।

### विधानसभा में दलीय स्थिति

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं। वर्तमान में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक विधायक है। राज्यसभा चुनाव के तय फार्मूले के अनुसार जीत के लिए किसी भी उम्मीदवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम 31 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता होगी। संख्या बल को देखते हुए दोनों प्रमुख दलों को एक-एक सीट मिलना तय है।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# नवीन बाजार का री-डेवलपमेंट प्लान अटका, सर्वे और सीमांकन के बाद अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं किया

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन मार्केट को तोड़कर छहमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना अटक गई है। 7 माह बीतने बाद भी नगर निगम पुराने बाजार का कायाकल्प करने अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं कर पाया है। जबकि नवीन मार्केट के री-डेवलपमेंट प्लान के लिए पूर्व में ही नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया। रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा ने इसका री-डेवलपमेंट प्लान तैयार किया। इस बाजार को पंडरी जैसे व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिए जाने की योजना थी।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित 50 साल पुराने नवीन मार्केट को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप देने की योजना सात माह में रत्तीभर भी आगे नहीं बढ़ पाई। नगर निगम के जोन-4 और निगम मुख्यालय की टीम ने नवीन मार्केट का पहले सर्वे कराया, इसके बाद इसकी सीमांकन रिपोर्ट तहसील से नगर निगम को मिली। यह जमीन सीमांकन के बाद 4.5 एकड़ निकली। नवीन बाजार के री-डेवलपमेंट का प्लान नगर निगम की योजना शाखा ने तैयार किया। वर्तमान में यहां 2 एकड़ भूमि पर दुकानें बनी हैं, जिससे नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह कब्जा कर अवैध मकान व दुकानें बना ली गई हैं, यानी निगम के आधिपत्य वाली ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। योजना शाखा ने इस प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की। नए प्लान के मुताबिक सभी पुराने निर्माण तोड़कर नगर निगम अपने आधिपत्य की पूरी जमीन कब्जे में लेकर उसमें नया मार्केट रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर तैयार कराता। नया निर्माण होने पर मार्केट का दायरा बढ़ता, साथ ही जर्जर हो चुके व्यावसायिक परिसर को आधुनिक बाजार का स्वरूप देने से बाजार की सुंदरता भी बढ़ती। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नवीन बाजार में सालों से व्यवसाय कर रहे पुराने व्यवसायियों को व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार दुकानें आवंटित करने की योजना रही। वहीं बची हुई दुकानों को नगर निगम सेलआउट करता। नए परिसर के बनने से राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि के साथ ही पार्किंग की समस्या से जूझ रहे दुकानदारों और वहां आने-जाने वाले ग्राहकों को पार्किंग की सुविधा मिलती।


नवीन बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग और सार्वजनिक प्रसाधन की रही है। प्लान के हिसाब से आधुनिक परियोजना के तहत नए परिसर का निर्माण करते हुए दुकानों के हिसाब से वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रखी जाएगी। वहीं अवैध कब्जा हटाने के बाद यह सड़क पहले से और ज्यादा चौड़ी नजर आती। इससे फायदा ये होता कि एमजी रोड, शारदा चौक और बंजारी रोड की तरह योजना के मुताबिक नवीन मार्केट के पुनर्विकास से यह क्षेत्र नए व्यावसायिक परिसर के रूप में आकर्षण का केंद्र बन जाता।

### निगम बजट में करेंगे शामिल

नवीन बाजार री-डेवलपमेंट प्लान तैयार है, इसे मूर्त रूप देने नगर निगम के नए प्रस्तावित बजट में इसे शामिल किया जाएगा, ताकि शहर के पुराने बाजार का कायाकल्प हो, वह सुंदर स्वरूप में नजर आए। साथ ही इससे नगर निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी।

– **मीनल चौबे,** महापौर।

## शब्द पहेली - 6159



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

**शब्द पहेली- 6158 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | द्वा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ठ | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6169

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6168 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# तांबा महंगा व रुपया कमजोर पड़ने से एसी की कीमतों में वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं।

- कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय की गई जब मांग बढ़ने वाली है

फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है।यह वृद्धि तांबे जैसे प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने, रुपये की कमजोरी, नए ऊर्जा-दक्षता मानकों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि के कारण की गई है।

## लागत की भरपाई के लिए एसी हुआ 5 से 15 फीसदी महंगा

### इस साल बिक्री की गति मजबूत रहेगी

हालांकि, उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के पूर्वानुमान और नए स्टार-रेटेड मॉडलों से बिजली की बचत के कारण इस साल बिक्री की गति मजबूत रहने की उम्मीद है। डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा ने बताया कि कंपनी अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने जा रही है।



*नए ऊर्जा मानक से उत्पाद अधिक कुशल :* जावा ने कहा, ''नए ऊर्जा मानक आ गए हैं, जिससे उत्पाद अधिक कुशल हो गए हैं। साथ ही तांबे जैसी सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं और अमेरिकी डॉलर रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। वैश्विक उथल-पुथल के कारण माल ढुलाई लागत भी बढ़ गई है, जिससे आयात महंगा हो गया है। ऐसे में कोई विकल्प नहीं बचा है।''

### ग्राहकों को तुरंत बड़ा असर महसूस नहीं होगा

जावा ने उम्मीद जताई कि इस साल बिक्री 2024 के रिकॉर्ड स्तर को छुएगी और कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा कि कंपनी फरवरी के मध्य में ही 8-10 प्रतिशत की वृद्धि कर चुकी है। हालांकि, बाजार में अभी पुराना स्टॉक मौजूद है, इसलिए ग्राहकों को तुरंत बड़ा अंतर महसूस नहीं होगा।

### मूल्य समायोजन किया जा रहा

टाटा समूह की कंपनी वोल्टास भी कीमतों में 5-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रही है। वोल्टास के प्रबंध निदेशक मुकुंदन मेनन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ी है, जिसे देखते हुए यह मूल्य समायोजन किया जा रहा है।

### डाइकिन उत्पादों के दाम 7-12 प्रतिशत बढ़ाएगी

डाइकिन इंडिया अप्रैल से कीमतों में 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने वाली है। डाइकिन इंडिया ने एक बयान में कहा, 'अप्रैल 2026 से, डाइकिन इंडिया कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्च में लगातार बढ़ोतरी को कम करने के लिए अपनी सभी उत्पाद श्रृंखला में कीमतों में 7-12 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।' साल 2025 रूम एयर-कंडीशनर उद्योग के लिए अच्छा नहीं था, क्योंकि बेमौसम बारिश और दूसरे कारणों से बिक्री पर असर पड़ा था।

## खबर संक्षेप

### मेटा ने सोशल मीडिया पाबंदी पर चेताया




**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की घोषणा के बीच कंपनी मेटा ने कहा कि ऐसे प्रतिबंध लागू करने वाली सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाबालिग उपयोगकर्ता असुरक्षित और अनियंत्रित मंचों का रुख न कर लें। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस तरह के 'प्रतिबंध समान रूप से लागू होने चाहिए।

### अब म्यूचुअल फंड फोलियो को लॉक कर सकेंगे निवेशक




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा' शुरू करने की घोषणा की। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी।

### भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की भागीदारी 19 फीसदी बढ़ी



**मुंबई।** भारत में भर्ती विज्ञापनों में महिलाओं की हिस्सेदारी सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई है, जिसमें वरिष्ठ पदों, उच्च वेतन वर्गों, उभरती प्रौद्योगिकी भूमिकाओं और दूसरी श्रेणी के बाजारों में भर्ती का विस्तार प्रमुख रहा। फरवरी, 2025 से फरवरी, 2026 के बीच भर्ती विज्ञापनों के रुझानों के से यह निष्कर्ष सामने आया है।

### रिलायंस कंज्यूमर भारत में लाएगी फेजर की चॉकलेट



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की एफएमसीजी (रोजमर्रा के इस्तेमाल के उत्पाद) इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने कहा कि उसने भारतीय बाजार में ब्रांडेड प्रीमियम चॉकलेट के उत्पादन, विपणन और वितरण के लिए फिनलैंड की प्रमुख खाद्य कंपनी फेजर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बीते सप्ताह मूंगफली के तेल में गिरावट



**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरइल के साझा हमले के बीच खाड़ी क्षेत्र में घमासान बढ़ने और होर्मुज बंदरगाह के रास्ते आने वाले यातायात के प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह मजबूती का रुख रहा तथा सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती दर्शाते बंद हुए।

### ई-कॉमर्स निर्यातकों को ऋण सहायता के दिशानिर्देश जारी




**नई दिल्ली।** डाक या कूरियर के जरिये कम से कम छह महीने से निर्यात करने वाले और ई-कॉमर्स के माध्यम से बिक्री के लिए विदेशों के गोदामों में अपना माल रखने वाले सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अब 25,060 करोड़ रुपये के ''निर्यात प्रोत्साहन मिशन'' के तहत ऋण सहायता मिल सकेगी। डिजिटल चैनल का उपयोग करने वाले निर्यातकों का समर्थन करने के लिए, वाणिज्य मंत्रालय ने पिछले महीने ब्याज छूट और आंशिक क्रेडिट गारंटी के साथ ऋण सुविधाओं की घोषणा की थी।

# प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भानुमूर्ति ने कहा, कच्चे तेल में हुई तेजी से वृद्धि

## पश्चिम एशिया संकट से अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता प्रतिकूल असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कच्चे तेल और गैस के दाम में तेज वृद्धि से देश में महंगाई बढ़ने, रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने यह कहा।

अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमले के बाद से कच्चे तेल की कीमत में तेज वृद्धि हुई है और यह 2023 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव बीते शुक्रवार को लगभग 8.5 प्रतिशत चढ़कर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया जो एक सप्ताह पहले 70 डॉलर के आसपास था। वहीं अमेरिकी मानक न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट कच्चा तेल 12.2 प्रतिशत बढ़कर 90.9 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### एलएनजी की कीमतें 50 फीसदी तक बढ़ी

*28 फरवरी को समाप्त सप्ताह की तुलना में ब्रेंट क्रूड के भाव में लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। एलएनजी की कीमतें भी लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले और पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था पर तत्काल प्रभाव व्यापार और वित्त चैनलों के माध्यम से होगा।''*

## महंगाई बढ़ने की आशंका



### व्यापार और चालू खाता घाटा होगा प्रभावित



अर्थशास्त्री ने कहा, ''तेल बाजारों में कीमतों में तेज वृद्धि हमारे व्यापार घाटे और चालू खाता घाटे को भी प्रभावित करेगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल के दाम में वृद्धि को देखते हुए, घरेलू खुदरा कीमतें बढ़ाई जाती हैं, तो देश में तेल की कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। खुदरा बाजारों में गैस की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं।''

### तेल 10 डॉलर बढ़ने से मुद्रास्फीति 0.7 फीसदी बढ़ती है

ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) की कीमतें में और वृद्धि तथा कच्चा तेल के 100 डॉलर या उससे अधिक होने से मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''घरेलू मुद्रास्फीति पर वैश्विक तेल कीमतों के प्रभाव का अनुमान हम इस बात से लगा सकते हैं कि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि से मुद्रास्फीति में 0.7 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है।

### कतर ने पहले ही गैस उत्पादन किया बंद

भानुमूर्ति ने कहा, ''कतर ने पहले ही गैस उत्पादन बंद कर दिया है। हालांकि, भारत के रूस से तेल आयात करने से विश्व तेल की कीमतों में नरमी आ सकती है। लेकिन गैस चिंता का विषय बनी रहेगी। खुदरा स्तर पर, चूंकि कई क्षेत्रों में गैस और तेल एक दूसरे के पूर्ण विकल्प हैं, इसलिए तेल पर गैस की कीमतों का व्यापक प्रभाव पड़ेगा।''

- मिडिल ईस्ट में जारी संकट से गैस के दाम में तेजी आई
- रुपए के विनिमय दर में भी गिरावट दर्ज की जा रही
- ब्रेंट क्रूड का भाव 8 .5% चढ़कर 92 .69 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

*होर्मुज फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है*

*उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच स्थित एक संकरा जलमार्ग है जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। अपने सबसे संकरे बिंदु पर लगभग 55 किलोमीटर चौड़ा यह जलडमरूमध्य वैश्विक स्तर पर, विशेष रूप से ऊर्जा व्यापार के लिए,सबसे महत्वपूर्ण और अत्यधिक उपयोग किए जाने वाले समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है।*

### तेल कंपनियों के पास बोझ सहने पर्याप्त वित्तीय क्षमता

उल्लेखनीय है कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने साफ कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

# कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

- इस सप्ताह पश्चिम एशिया संकट जारी रहने की संभावना
- विदेशी निवेशकों के रुख से भी धारणा होगी प्रभावित


रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।'

### एफपीआई के बाजार में लौटने की संभावना कम

विजयकुमार ने कहा कि जब तक संघर्ष के परिणाम पर कुछ स्पष्टता नहीं आती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नहीं होती, तब तक एफपीआई के खरीदार के रूप में बाजार में लौटने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड का 90 डॉलर से ऊपर होना भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजारों के लिए बुरी खबर है।

# तनाव का अन्य इस्पात बाजारों पर पड़ेगा असर : बिगमिंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बिगमिंट रिसर्च के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण ईंधन की लागत बढ़ रही है, जिससे भारत सहित वैश्विक इस्पात उद्योग को आने वाले दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

बिगमिंट के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में एक साथ बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लागत का दबाव सीधे इस्पात और इस्पात से संबंधित जिंस बाजारों पर पड़ रहा है।

- बढ़ते संकट का कारण ईंधन की बढ़ती लागत
- उद्योग को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा

एक विश्लेषक ने कहा कि युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमतें औसतन 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं।

अनुमान है कि आने वाले दिनों में लागत में वृद्धि जारी रहेगी। युद्ध ने माल ढुलाई लागत को भी प्रभावित किया है, जिसमें हाल के समय में लगभग 40 प्रतिशत का उछाल आया है। भारत सहित अन्य इस्पात बाजारों पर अमेरिका-ईरान संघर्ष के प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि उद्योग को लागत में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा।

### कंपनियां बढ़े लागत का बोझ ग्राहकों पर डालेंगी

कंपनियां इस बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डालेंगी और अगर बाजार इस लागत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, तो इस्पात की मांग भी प्रभावित हो सकती है।

# ईवी स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने आटो पीएलआई के मानदंड़ हो ढीले

**नई दिल्ली।** यूलर मोटर्स के संस्थापक और सीईओ सौरव कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप को लाभ पहुंचाने और देश की हरित गतिशीलता यात्रा में योगदान देने के लिए भारत की ऑटोमोबाइल पीएलआई योजना के मानदंडों में ढील देने की जरूरत है। कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा कि ऑटो क्षेत्र के लिए पीएलआई में निर्धारित राजस्व और निवेश की उच्च सीमा का मतलब है कि यूलर मोटर्स जैसी कंपनी इस योजना में भाग नहीं ले पाई है। कंपनी छोटे इलेक्ट्रिक ट्रकों और तिपहिया वाहन खंड में सक्रिय है।
ऑटो पीएलआई योजना के पात्रता मानदंडों के अनुसार एक ओईएम का न्यूनतम वैश्विक समूह राजस्व 10,000 करोड़ रुपये होना चाहिए और अचल संपत्तियों में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश होना चाहिए। कुमार ने अफसोस जताते हुए कहा कि दुर्भाग्य से इससे हमारे जैसे स्टार्टअप को प्रोत्साहन नहीं मिला, जो इस क्षेत्र में समान रूप से निवेश कर रहे हैं और तकनीक व आरएंडडी को आगे बढ़ा रहे हैं।

# मिडिल ईस्ट संघर्ष लंबा खिंचा तो हो सकती है उर्वरक की समस्या

- एफएसीटी रॉक फॉस्फेट व फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माले के लिए निर्भर

एजेंसी ▶▶| कोच्चि (केरल)


भारत में इस समय उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो समस्या पैदा हो सकती हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को उर्वरकों की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एफएसीटी रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों पर निर्भर है, जिन्हें समुद्री मार्ग से लाया जाता है। विश्लेषकों के अनुसार, लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा सकता है।

- एफएसीटी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही



*खाड़ी देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी :* *इजराइल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिका के विभिन्न ठिकानों पर भी ईरान ड्रोन और मिसाइल दाग रहा है, जबकि इजराइल और अमेरिका की ओर से भी ईरान पर बम और मिसाइलों की बरसात की जा रहा है। ईरान द्वारा लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जाने से अमेरिका और उसके सहयोगियों- खासकर इजराइल और खाड़ी देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है।*

## फरवरी में रेलवे की माल ढुलाई चार फीसदी बढ़ी...



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने फरवरी, 2026 में 13.77 करोड़ टन माल ढुलाई की, जो पिछले साल फरवरी में 13.24 करोड़ टन थी। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.96 प्रतिशत अधिक है। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, /''फरवरी, 2026 के दौरान माल ढुलाई राजस्व 14,571.99 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के इसी महीने में 14,151.96 करोड़ रुपये था, जो 2.97 प्रतिशत की वृद्धि है।/'' मंत्रालय के अनुसार, भारतीय रेलवे कोयला, इस्पात, उर्वरक, सीमेंट, खाद्यान्न और कंटेनर जैसी आवश्यक वस्तुओं के कुशल परिवहन को सुनिश्चित करके देश की आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि फरवरी, 2026 में माल ढुलाई संचालन में लगातार वृद्धि देखी गई, जो सभी क्षेत्रों में रेल आधारित लॉजिस्टिक्स की स्थिर मांग को दर्शाती है।

# भारत का कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों की और रुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष लंबा खिंचने की आशंका
- खुदरा ईंधन कंपनियों का अमेरिका, रूस अफ्रीका से बातचीत शुरू

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल अपनी प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया, /''हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्त्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है।/''

भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

### भारत की कुल क्षमता 74 दिनों के आयात के बराबर

मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है। हालांकि, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है।

## महिला दिवस पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने जताया आभार

# मेरे जीवन को संवारने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को उन महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके जीवन और सफर को संवारा है।

- मेरी सफलता की नींव उन मूल्यों पर टिकी, जो मुझे परिवार से मिले

उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की नींव उन मूल्यों और समर्थन पर टिकी है, जो उन्हें अपने परिवार से मिला। लिंक्डइन पर लिखे एक लेख में अदाणी ने अपनी मां शांताबेन अदाणी के प्रभाव को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में मां द्वारा सुनाई गई रामायण जैसे महाकाव्यों की कहानियों ने उनमें साहस, त्याग और कर्तव्य के मूल्यों को स्थापित किया।

### अदाणी ने परिवार को दिया धन्यवाद

अदाणी ने कहा कि जीवन की सबसे मजबूत नींव कंक्रीट या स्टील से नहीं, बल्कि उन लोगों से बनती है जो हमें एक व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। अदाणी ने अपनी मां को संस्कार देने के लिए, पत्नी प्रीति को उनका पथ-प्रदर्शक (विवेक) बनने के लिए, अपनी दोनों बहुओं परिधि और दीवा को परिवार में शक्ति, प्रतिभा और नया दृष्टिकोण लाने के लिए धन्यवाद दिया।



### पत्नी की भूमिका की सराहना

*अदाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अदाणी की भूमिका की भी सराहना की, जिन्होंने दंत चिकित्सा का करियर छोड़कर 'अदाणी फाउंडेशन' का नेतृत्व संभाला। चेयरमैन ने बताया कि 'अदानी फाउंडेशन' आज देश के 22 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है और अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुका है।*

**बहुओं की प्रशंसा :** अदाणी ने अपनी बहुओं, परिधि अदाणी (करण अदाणी की पत्नी) और दीवा अदाणी (जीत अदाणी की पत्नी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे परिवार में /''नया दृष्टिकोण और नयी ऊर्जा/'' लेकर आई हैं। साथ ही उन्होंने अपनी पोतियों से मिलने वाली खुशी का भी उल्लेख किया।

### करियर बनाने 16 साल में घर छोड़ा

अदाणी ने कहा कि उन सीखों की गहराई उन्हें तब समझ आई, जब 16 साल की उम्र में उन्होंने अपना करियर बनाने के लिए मुंबई जाने के लिए घर छोड़ा था। अदाणी ने उस मानसिक शक्ति को याद किया जो उनकी मां ने उन्हें एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाने की अनुमति देते समय दिखाई होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पीएम बोले-ये...

मोदी की यह टिप्पणी राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा शनिवार को पश्चिम बंगाल में आदिवासी समुदाय के सम्मेलन के स्थान में परिवर्तन और उनके दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और मंत्रियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद आई है। इसके तुरंत बाद, बनर्जी ने राष्ट्रपति पर 'भाजपा की सलाह पर बोलने' का आरोप लगाया तथा मणिपुर और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में आदिवासियों के खिलाफ कथित अत्याचारों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। भाजपा ने राष्ट्रपति का 'अपमान' करने के लिए तृणमूल सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'शर्मनाक और अभूतपूर्व' करार दिया तथा तृणमूल कांग्रेस पर सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के कारण न केवल आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कुप्रबंधन देखने को मिला, बल्कि यह राष्ट्रपति, संविधान और देश में लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू जी संथाल आदिवासी परंपरा के सम्मान में आयोजित एक महत्वपूर्ण समारोह में भाग लेने के लिए बंगाल गई थीं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इस पवित्र और महत्वपूर्ण कार्यक्रम का बहिष्कार करना चुना, जिसका राष्ट्रपति और आदिवासी समुदाय दोनों के लिए बहुत महत्व है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी पृष्ठभूमि से आती हैं और उन्होंने संथाल समुदाय के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है।

### सीएम साय बोले-...

के खातों में 641 करोड़ 58 लाख रुपए अंतरित किए। इसके साथ ही इस योजना के अंतर्गत अब तक महिलाओं को 16 हजार 237 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि माताओं-बहनों के आत्मविश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने वाला जनकल्याणकारी अभियान बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें 10 मार्च 2024 का वह दिन याद है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया था। उसी समय यह संकल्प लिया गया था कि प्रदेश की प्रत्येक पात्र महिला के खाते में हर महीने निर्धारित तिथि पर एक हजार रुपये की राशि पहुंचेगी। पिछले 25 महीनों से यह संकल्प लगातार पूरा किया जा रहा है और इस किश्त के साथ अब तक प्रत्येक हितग्राही महिला को 25 हजार रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दिनेश कश्यप कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। **घर परिवार को खुशहाल बनाने में जुटी बहनें-** विधायक किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन से अब हमारी माताएं और बहनें घर परिवार को खुशहाल बनाने में जुटी हैं और प्रदेश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं।

# रोशनी छीन सकता है ग्लूकोमा, सप्ताहभर होगी सभी सरकारी अस्पतालों में जांच

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

ग्लूकोमा यानी काला मोतिया आंखों की रोशनी छीन सकता है। इससे प्रभावित लोगों के आंखों की रोशनी वापस नहीं लाई जा सकती, मगर दवा के नियमित उपयोग से इससे बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के दौरान सप्ताहभर तमाम सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच की जाएगी। पिछली बार अभियान के दौरान प्रदेश में करीब पांच सौ लोगों को इसका संदिग्ध पाया गया था। नियमित दवा से ज्यादातर पीड़ितों की समस्या को नियंत्रित कर लिया गया और सर्जरी वाली स्थिति में दर्जनभर ही पहुंचे।

स्वास्थ्य विभाग के अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत 8 से 14 मार्च तक प्रदेशभर में ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कालेजों तक आने वाले 40 साल से अधिक आयु वाले मरीजों के आंखों में ग्लूकोमा की जांच की जाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक बार-बार चश्मे का नंबर बढ़ना और सिरदर्द को सामान्य समस्या माना जाता है, मगर इसका कारण ग्लूकोमा भी हो सकता है। आमतौर पर लोग एक निश्चित अवधि के बाद चश्मे के नंबर की जांच कराते हैं, मगर ग्लूकोमा की जांच पर ध्यान नहीं दिया जाता है। पिछली बार चलाए गए इस अभियान के दौरान करीब तीन हजार लोगों की जांच में 500 लोगों को संदिग्ध पाया गया था। इनमें ज्यादातर की समस्या का समाधान नियमित रूप से आंखों में दवा डालने की सलाह के साथ कर लिया गया, मगर दर्जनभर ऐसे थे, जिनकी समस्या काफी आगे बढ़ चुकी थी। इसकी रोकथाम के लिए सर्जरी की आवश्यकता पड़ी। इनमें ज्यादातर मामले बिलासपुर, राजनांदगांव बेमेतरा जिले से संबंधित थे।

### क्या है ग्लूकोमा

जिला सहायक नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि ग्लूकोमा को सामान्य भाषा में 'काला मोतिया' या 'काचबिंदु' भी कहा जाता है। यह आंखों की एक गंभीर बीमारी है। इसमें आंख के अंदर तरल पदार्थ (फ्लूइड) जमा होने से दबाव बढ़ जाता है, जिससे ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) को नुकसान पहुंचता है। यह तंत्रिका ही आंखों से मस्तिष्क तक संकेत भेजती है, जिससे हम देख पाते हैं। इसके शुरुआती लक्षण में धुंधली दृष्टि, आंखों में दर्द, चश्मे का नंबर बार-बार बदलना होता है। ग्लूकोमा सप्ताह के पहले दिन तेलीबांधा मरीन ड्राइव में कार्यक्रम के माध्यम से महिला समूह को नेत्र परीक्षण कराने हेतु प्रोत्साहित किया।


Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756



आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
HMS ARSH-RAHAT
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769



JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन 8000 सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (40140)

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में काम करने हेतु लड़कीयो की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- चौहान डेन्टल एण्ड कॉस्मेटिक्स क्लीनिक राजीव गाँधी चौक जरहाभाटा बिलासपुर 79876 94540 (40141)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (40138)

**आवश्यकता है-** होटल में चाइनीज कुक, इंडियन कुक एवं वेटर (सप्लायर) युवक, युवतियां अनुभवी/ फ्रेशर दोनों को प्राथमिकता एवं चाइनीज कुक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9340229293, 98274 67841 (40120)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में फूल टाइम/ पार्ट टाइम काम करने हेतु लड़कियों की आवयश्कता है। सम्पर्क करें- शांति डेंटल केयर, दयालबंद गुरुद्वारा के पास, मेन रोड, बिलासपुर 8109518000 (40134)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारत गिफ्ट हाऊस, नियर भारत बैग के सामने, तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर 9926819318 (40135)

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेन्ट हेतु तन्दूर रोटी कारीगर मार्केटिंग स्टोर हेतु युवक (स्वयं का वाहन अनिवार्य) वेटर, हेल्पर, लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है (खाना रहना फ्री) सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलासपुर 78791 21999 (40137)

**आवश्यकता है-** Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (40136)

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करें- भाटिया इंटरप्राइजेज, नेहरू चौक पेट्रोल पम्प के बाजू में बिलासपुर 7587259295 (3182)

**आवश्यकता है-** साइट पर आने जाने के लिए अनुभवी लाईसेन्सधारी ड्राइवर की एवं साथ ही सामान उठाने और स्टोर संभालने के लिए स्टोर कीपर/ हेल्पर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 6263116161 (40142)

**आवश्यकता है-** दुकान कार्य हेतु लड़के एवं लॉज में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने की सुविधा। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- विनय ऑटो अथवा किरण लॉज गांधी चौक बिलासपुर (40133)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में गर्ल्स हॉस्टल में 24 घंटे ड्यूटी के लिए महिला वार्डन एवं शासकीय अर्धशासकीय कार्यों हेतु लड़के (कार चला सके) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7974533781 (40125)

**आवश्यकता है-** एक कुशल कार ड्राइवर चाहिए जो वैगनआर, ऑटोमैटिक और creta मैनुअल चला सके। सम्पर्क करें- अग्रवाल प्रियदर्शनी नगर बिलासपुर 9300416538 (40113)

**आवश्यकता है-** होटल में हेल्पर एवं साफ सफाई कार्य करने के लिए 4 लोगों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल द एनी नेहरू नगर बिलासपुर 7067310092, 8815 664344 (40089)

**आवश्यकता है-** सलवार सूट, लहंगा, ब्लाउज, गाउन सिलाई हेतु अनुभवी महिला, पुरुष टेलर चाहिए। वेतन 25000 से 30000 (प्रोफेशनल सिलाई, कटिंग की ट्रेनिंग उपलब्ध) पता- परफेक्ट बुटीक, मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 7389444785 (40087)

**आवश्यकता है-** रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य करने का सुनहरा अवसर टेलीकॉलिंग हेतु लड़की 4पद, मार्केटिंग हेतु लड़के 5पद चाहिए। सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन राजकिशोर नगर मोपका चौक पास बिलासपुर 79872 36607, 08109119184 (40115)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़के/ लड़कियों एवं सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हरीरामानी एण्ड सन्स मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9329292940 (40118)

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़का एवं ईंटा प्लांट प्लाई एश ब्रिस में सुपरवाइजर (मुंशी) हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है रहने की सुविधा। सम्पर्क- 98271 80096, 7354949644, 9827199008 (40110)

**आवश्यकता है-** रिसेप्शनिस्ट फीमेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर (जिसको अकाउंटिंग बिजी सॉफ्ट वेयर की जानकारी हो) और ईरिक्शा ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177 (40097)

**आवश्यकता है-** पर्सनल सिक्योरिटी के लिए अनुभवी बाउन्सर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8827821974, 7879858767 (40107)

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग एवं अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (समय 10am से 7pm) सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज सरकंडा बिलासपुर 9074741377 (40129)

**आवश्यकता है-** इच्छुक वर्कर्स की आवश्यकता है ऑफिस मे काम करने के लिए वेतन योग्यता अनुसार आकर्षक कमिशन संपर्क करें - अग्रसेन चौक बिलासपुर 8953541999 (1340)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर स्थित थ्रीव्हीलर शोरूम में कार्य हेतु सेल्स एग्जीक्यूटिव- 5पद, स्पेयर पार्ट्स इंचार्ज- 1पद, अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- शारदा बजाज, ICICI बैंक के सामने व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9039090181 (40102)

**आवश्यकता है-** कपड़े दुकान में काम करने हेतु रिसेप्शनिस्ट, हेल्पर, Pantry पद हेतु योग्य युवक/ युवती की। वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित संपर्क करें- वसंत साड़ी सेंटर, सदर बाजार, बिलासपुर 79870 65573, 918305 284014 (40139)

**आवश्यकता है-** जॉब जॉब जॉब थ्री व्हीलर ऑटोमोबाइल क्षेत्र के अनुभवी को प्राथमिकता लोकेश ऑटो तिफरा ऋषि गैस के सामने अधिकृत विक्रेता अतुल ऑटो लिमिटेड में सेल्स एक्जीक्यूटिव (4पद) डीजल मैकेनिक (3पद) स्पेयर पार्ट इंचार्ज (2पद) ऑफिस बॉय (2पद) ऑटो ड्राइवर (2पद) बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 7000828211, 9827155032 (40098)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कंस्ट्रक्शन कम्पनी में चाय पानी साफ सफाई के लिए युवक एवं युवती की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बिलासपुर 9039190256 (40099)

**आवश्यकता है-** तत्काल भर्ती महिला केयर टेकर 10 (खाना बनाना आना चाहिए), ड्राइवर 10, गार्ड 50, हाउस कीपिंग 10 की आवश्यकता है बिलासपुर शहर के लिये सम्पर्क करें- 8889823100 (40096)

**आवश्यकता है-** किताब दुकान में पार्ट टाइम दोपहर 3 से रात 9बजे तक एवं फुल टाइम काम करने हेतु लड़ाकों की। सम्पर्क करें- विवेक बुक डिपो दयालबंद गुरुद्वारा के पास बिलासपुर 9893378899 (40101)

**आवश्यकता है-** होलसेल मेडिकल एजेन्सी में कार्य करने हेतु दो वर्ष अनुभवी टेली एकाउंटेंट एवं गोडाउन इंचार्ज की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज चन्द्रा पार्क के सामने, बृहस्पति बाजार बिलासपुर 79879 72716 (40092)

**आवश्यकता है-** शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़को की आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया +कोई नियुक्ति शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 91654 07080, 9165820635 (501)

**आवश्यकता है-** (1) दो पद सिविल सुपरवाईजर (2) एक पद सिविल इंजिनियर (बीई/ डिप्लोमा) नोट- केवल अनुभवी व्यक्ति ही सम्पर्क करें- मेसर्स अरोरा कंस्ट्रक्शन व्यापार विहार, बिलासपुर 9425219484, 98279 02347 (40088)

**आवश्यकता है-** खाना बनाने हेतु लड़की/ महिला की। समय 8:30am to 4pm एवं 5pm to 8:30pm क्षेत्र नर्मदा नगर मंगला चौक के पास, वेतन फोन पर चर्चा होगी तुरन्त सम्पर्क करें- 9827166239 (40094)

**आवश्यकता है-** डेन्टल क्लीनिक में कार्य करने हेतु स्टाफ की जरूरत है एवं आई तुलजा भवानी चौक, कुदुदण्ड बिलासपुर स्थित डेंटल क्लीनिक के ऊपर घर किराए से देना है सम्पर्क करें- 7489831153 (40090)

**आवश्यकता है-** पार्लर में काम करने हेतु अनुभवी लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- Velvet Mirror Salon ऊषा लता कॉम्प्लेक्स अपोलो फार्मेसी के बगल से किम्स हॉस्पीटल के सामने बिलासपुर 9179034243 (40091)

**आवश्यकता है-** परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

**आवश्यकता है-** होलसेल कपड़ा दुकान में सेल्समैन एवं दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- हीरा ट्रेडिंग कम्पनी श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827112950, 8319617107 (40093)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों (पेमेंट भरपुर मात्रा में) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नानक ट्रेडर्स तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (39979)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** चायपत्ती के पेंकिग कार्य लड़की व महिला और पुरुष लडको की जरूरत है संपर्क - जैन ट्रेडर्न नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह मो. 74699-80000, 0771-4075490 (1339)

## बेचना है

**बेचना है-** लोखण्डी मेन रोड से लगे व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें-एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

**बेचना है-** सकरी परसदा हाउसिंग बोर्ड के पीछे, सृष्टि संस्कृति कॉलोनी के पास 2BHK, 3BHK नवनिर्मित मकान एवं प्लॉट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 7869493130 (40127)

**बेचना है-** मोपका से चिल्हाटी जाने के मार्ग से 200 फिट अन्दर 40×60 का प्लॉट 2400 वर्गफिट डायवर्टेड प्लॉट 900 रुपए फिट में बेचना है सम्पर्क करें- 8602493624, 96914 62088 (40130)

**बेचना है-** डायवर्टेड प्लॉट बेचना है 30×58 (लगभग 1744 वर्गफुट) बेलतरा चौक, मटियारी, सीपत रोड (मेन रोड में) तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9340582883 94255 45552 (40116)

**बेचना है-** कोरबा- उरगा मुख्य मार्ग से लगा हुआ बरबसपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक एलआईजी (मध्य तल) का फ्लैट बेचना है सम्पर्क करें- 9425283727, 94241 65378 (40124)

**बेचना है-** बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने, रोड से 100 मीटर दूर, डबल रोड का 2BHK मकान बेचना है (प्लॉट साइज 22×45) सम्पर्क करें- 6265041277, 8361997770 (40128)

**बेचना है-** सकरी में टाउन एण्ड कंट्री अप्रूव्ड कॉलोनी में मात्र 1290/- वर्गफुट और नेशनल हाईवे बिल्हा में पूर्ण विकसित डायवर्टेड प्लांट मात्र 1190/- वर्गफुट में, 80% बैंक फाइनेन्स सम्पर्क- 79873 74690, 9770468361 (40126)

**बेचना है-** 40×75= 3000 फुट पश्चिम मुखी जैन हॉस्टल गली विनोबा नगर 4500/- फुट, (2) 19 फ्रंट 504 फुट मेन रोड व्यापार विहार में डबल स्टोरी दुकान बर्गरकिंग के सामने सम्पर्क- 9827938236 (40114)

**बेचना है-** खमतराई में 1.64, सेन्दरी (कोनी) में 7.32, कच्छार में 24 एकड़, घुटकू में 11.79, निरतु में 1.14 एवं पौसरा (नगोई) बिलासपुर में 5.44 जमीन बेचना है। सम्पर्क करें- 9406441535, 93008 78897 (40111)

**बेचना है-** देवरीखुर्द में 6000 वर्गफुट हॉल+ आंगन+ 17 कमरे का सर्वसुविधायुक्त ट्रिपल रोड कीमत 1.80 करोड़ एवं सिरगिट्टी गोविंद नगर में 1350 वर्गफुट डबल रोड प्लॉट 26लाख में। सम्पर्क करें- 7354288861 (40074)

**बेचना है-** रामा लाइफ कॉलोनी सकरी बिलासपुर में स्थित 40×80= 3200 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 96309 90940 (40104)

**बेचना है-** नया मकान कीमत 90लाख, निर्माण ग्राउंड फ्लोर 2200 वर्गफीट प्रथम फ्लोर 1000 वर्गफीट प्लाट साइट 50×50 स्वतंत्र बोरिंग हंसिका विहार कालोनी उसलापुर सम्पर्क करें- 9039032178, 9893913366 (दलाल सम्पर्क ना करें) (40132)

## फायनेंस

**फाईनेन्स-** कुबेर फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15 लाख तक, 1% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाएं, सम्पर्क- 8882627857 (4363)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारम्भ-** मैट्स विश्वविद्यालय, मुक्त दूरवर्ती शिक्षा, शासकीय सेवा मान्य, प्रवेश प्रारम्भ DCA, PGDCA, BCA, MCA, BA, BSc, BCom, MA, MSc, MCom, BBA, MBA, MSW, BLib, MLib अन्तिम तिथि 15मार्च, सम्पर्क- राजेन्द्र नगर चौक बिलासपुर 89592 64581, 9516036581 (40085)

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8
गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- **जिला कार्यालय कोरबा:-** बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- **जिला कार्यालय मुंगेली:-** थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- **शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-**मो. 9993567380, 8770837744
- **एड प्रयास:-**मो. 9826701269, 9926003943
- **श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-**मो. 9827168452, 9300625174
- **रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-**मो. 9826129386, 8319503386
- **जे.जे. एडवरटाइजर्स:-**मो. 9300659628
- **रौनक पब्लिसिटी:-**मो. 9300328290,9981658490
- **भार्गव एडवरटाइजर्स:-**मो. 9827167997
- **श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-**मो. 9826705603
- **एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-**मो. 9827180896, 9131155033
- **श्री श्याम पब्लिसिटी:-**मो. 9425540759
- **अमित पब्लिकेशन:-**मो. 9826304304, 9827124304
- **विप्रा विज्ञापन सेवा:-**मो. 9302462506
- **माधवास & कम्पनी:-**मो. 9977185123, 9893115084
- **बालाजी एडवरटाइजर्स:-**मो. 9827466133, 9907047586

## भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला बना पहला देश

# टी20 वर्ल्ड कप : एक ही पारी में 18 छक्के और 19 चौके, भारत ने फाइनल में रचा इतिहास



प्लेयर ऑफ द मैच

**भारत ने तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर इतिहास रच दिया। भारत ऐसा पहला देश बन गया है, जिसने टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी को डिफेंड किया है।**

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अहमदाबाद में खेले गए इस फाइनल मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 255 रन बनाए थे, जवाब में कीवी टीम 159 रन ही बना सकी। भारत की इस पारी में कुल 37 बाउंड्री (18 छक्के और 19 चौके) देखने को मिली। यह टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में सर्वाधिक बाउंड्री का रिकॉर्ड है। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है, जिसने साल 2007 में केन्या के विरुद्ध 41 बाउंड्री लगाई थीं, लेकिन यह ग्रुप स्टेज मैच था। वहीं, भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ एक ही पारी में 37 बाउंड्री लगाई थीं। इसी मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत के विरुद्ध 36 बाउंड्री जड़ी थीं।

यह टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में सर्वाधिक छक्कों का भी रिकॉर्ड है। इससे पहले ग्रुप स्टेज मुकाबलों में साल 2014 में नीदरलैंड ने आयरलैंड के विरुद्ध, जबकि वेस्टइंडीज ने साल 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक ही पारी में 19-19 छक्के लगाए थे। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में 19 छक्के जड़ चुकी है, लेकिन खिताबी मैच में भारत से पहले किसी भी टीम ने 18 छक्के नहीं लगाए थे। भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश बन गया है।

### फाइनल के तीन बड़े टर्निंग पॉइंट

#### अभिषेक की फॉर्म में वापसी

*इस वर्ल्ड कप फाइनल से पहले तक टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा एक-एक रन के लिए तरस रहे थे। लेकिन उन्होंने अपना बेस्ट प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा था। फाइनल मैच में अभिषेक ने शुरुआत से ही ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की और मैच को न्यूजीलैंड से दूर लेकर चले गए। उन्होंने इस बड़े मुकाबले में 21 बॉल में 6 चौके और तीन छक्के की मदद से 52 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 247.62 का रहा।*

#### सैमसन की पार्टनरशिप

अभिषेक शर्मा को फाइनल में जहां रनों की तलाश थी, वहीं दूसरी तरफ संजू सैमसन पिछले कुछ मैचों से शानदार फॉर्म में थे। इस मैच में उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज किया और शुरुआत से ही तेज गति के साथ रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी के बाद से कीवी टीम इस मैच में कभी वापसी ही नहीं कर पाई।

#### बुमराह की गेंदबाजी

फाइनल में टीम इंडिया के लिए सबसे अच्छे गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रहे। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 15 रन खर्च करते हुए चार बड़े विकेट अपने नाम किए और टीम इंडिया की जीत इस मुकाबले में सुनिश्चित की। बुमराह ने फाइनल में रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, जेम्स नीशम और मैट हेनरी का विकेट लिया। उनके अलावा अक्षर पटेल ने भी इस मैच में तीन बड़े विकेट लिए।

### संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द सीरीज



### भारत ने 7वीं बार बनाया 250 प्लस का स्कोर

*भारतीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250 प्लस स्कोर बनाने वाली टीम भी बन गई। उसने सातवीं बार यह कमाल किया। उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद का नाम आता है, जिनमें पांच बार ऐसा किया है। हैदराबाद और भारत ही ऐसी टीमें है, जिन्होंने लगातार तीन मैचों में 250 प्लस के स्कोर बनाए हैं। वहीं भारत ने साल 2026 में चौथी बार 250 रन का आंकड़ा पार किया। यह एक कैलेंडर में सर्वाधिक है।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 | 46 | 5 | 8 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 | 21 | 6 | 3 |
| किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 | 25 | 4 | 4 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 | 13 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का रविंद्र बो नीशाम | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 | 06 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 | 08 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : आठ रन, योग : 20 ओवर में 255/5 रन
गेंदबाजी : हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0- 42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0- 32-1, नीशाम 4-0-46-3

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम सीफर्ट का ईशान बो वरुण | 52 | 26 | 2 | 5 |
| फिन एलेन का तिलक बो पटेल | 9 | 7 | 0 | 1 |
| रचिन का ईशान बो बुमराह | 1 | 2 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो पटेल | 5 | 5 | 1 | 0 |
| मार्क चैपमैन बो पंड्या | 3 | 8 | 0 | 0 |
| डेरिल मिचेल का ईशान बो पटेल | 17 | 11 | 0 | 2 |
| मिचेल सेंटनेर बो बुमराह | 43 | 35 | 3 | 2 |
| जेम्स नीशाम बो बुमराह | 08 | 07 | 1 | 0 |
| मैट हेनरी बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन नाबाद | 06 | 07 | 0 | 0 |
| डफी का तिलक बो अभिषेक | 03 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12 रन, योग : 19 ओवर में 159/10 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-32-0, पंड्या 4-0-36-1, पटेल 3-0-27-3, बुमराह 4-0-15-4, वरुण 3-0-39-1, अभिषेक 1- 0-5-1

### भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक

12 बॉल – युवराज सिंह बनाम इंग्लैंड (2007)
18 बॉल – अभिषेक शर्मा बनाम न्यूजीलैंड (2026)
18 बॉल – केएल राहुल बनाम स्कॉटलैंड (2021)
19 बॉल – रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया (2024)
20 बॉल – युवराज सिंह बनाम ऑस्ट्रेलिया (2007)
20 बॉल – ईशान किशन बनाम नामीबिया (2026)

### फाइनल में सबसे ज्यादा स्कोर

89 रन – संजू सैमसन बनाम न्यूजीलैंड
85* रन – मार्लन सैमुअल्स बनाम इंग्लैंड
85 रन – केन विलियमसन बनाम ऑस्ट्रेलिया
78 रन – मार्लन सैमुअल्स बनाम श्रीलंका
77* रन – मिचेल मार्श बनाम न्यूजीलैंड

### पावरप्ले में भारतीय खिलाड़ी का हाई स्कोर

51 रन – अभिषेक शर्मा बनाम न्यूजीलैंड (2026)
51 रन – रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया (2024)
50 रन – केएल राहुल बनाम स्कॉटलैंड (2021)
50 रन – ईशान किशन बनाम न्यूजीलैंड (2026)
42 रन – ईशान किशन बनाम पाकिस्तान (2026)
41 रन – संजू सैमसन बनाम इंग्लैंड (2026)
41 रन – रोहित शर्मा बनाम वेस्टइंडीज (2016)

### सैमसन के तीन बड़े रिकॉर्ड

**1- टी20 वर्ल्ड कप में लगातार तीन अर्धशतक लगाने वाले तीसरे भारतीय और ओवरऑल 7वें बल्लेबाज**

3 : महेला जयवर्धने (2010)
3 : विराट कोहली (2016,2021)
3 : बाबर आजम (2021)
3 : केएल राहुल (2021)
3 : कुसल मेंडिस (2026)
3 : साहिबजादा फरहान (2026)
3 : संजू सैमसन (2026)

**2- टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी**

शाहिद अफरीदी : 2009 टी20 वर्ल्ड कप
विराट कोहली : 2014 टी20 वर्ल्ड कप
संजू सैमसन : 2026 टी20 वर्ल्ड कप

**3- टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज**

89 रन : संजू सैमसन (वर्सेज न्यूजीलैंड)*
85* रन : मार्लन सैमुअल्स (वर्सेज इंग्लैंड)
85 रन : केन विलियम्सन (वर्सेज आस्ट्रेलिया)
78 रन : मार्लन सैमुअल्स (वर्सेज श्रीलंका)

---

## खबर संक्षेप

### आईसीसी ने स्थगित की दोहा बैठक

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी, जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर के हिस्से के तौर पर वैश्विक खेल के अभी और भविष्य से जुड़े जरूरी मामलों पर बातचीत होनी थी। आईसीसी ने बैठक के लिए कतर को इसलिए चुना क्योंकि कतर में क्रिकेट के साथ उसका जुड़ाव बढ़ रहा है।

### अर्शदीप कौर ने जीता 25 मी. पिस्टल का टी3 ट्रायल

**नई दिल्ली।** अर्शदीप कौर ने दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित शीर्ष निशानेबाजों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। क्वालीफाइंग दौर में आठवें




स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाली पंजाब की निशानेबाज ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में अनुभवी दिव्या टीएस को 37-36 से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

---

फुटबॉल

## कनाडा ने अर्जेन्टीना को हराया शेरिडन ने बचाए दो पेनल्टी शूट



एजेंसी ▶▶| हैरिसन

गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई, जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया।

जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया, जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है।

शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।

## बार्सिलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को दी शिकस्त, यमाल ने दागा शानदार गोल



**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।

---

## 20 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में हारी भारतीय महिला टीम, ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया।

यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही, जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे



विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया, जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई, जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।

### डिकॉक, मिलर ने की आईसीसी की आलोचना, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज टीम भारत में फंसी

**नई दिल्ली।** क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं। दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है। डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं।



## जयपुर की पहचान : अमित पाबूवाल ने बनाई थी टी20 विश्व कप ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

आईसीसी टी20 विश्व कप के रविवार को होने वाले फाइनल पर दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें रहेंगी तो वहीं जयपुर ने भी इस विश्व कप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है क्योंकि इसकी ट्रॉफी जयपुर में बनी है। जयपुर के प्रसिद्ध ट्रॉफी डिजाइनर अमित पाबूवाल ने इस ट्रॉफी को डिजाइन किया था।

इस ट्रॉफी को डिजाइन करने के पीछे की कहानी पाबूवाल ने बताई , उन्होंने कहा कि 2007 में विश्व कप ट्रॉफी की डिजाइन की रुपरेखा ऑस्ट्रेलिया की मिनाले ब्रायस कंपनी ने तैयार की थी। टी20 विश्व कप का पहला सत्र 2007 में हुआ था, जिसमें भारत चैंपियन बना था।



### चांदी से ट्रॉफी पर चढ़ाई प्लेटिनम की परत

आईसीसी का कहना था कि इस ट्रॉफी का डिजाइन अन्य ट्रॉफी से अलग हो और दिखने में आधुनिक हो। इसके बाद ट्रॉफी के डिजाइन में सुधार के बाद चांदी से ट्रॉफी बनाई गई, जिस पर प्लेटिनम की परत चढ़ाई गई। इस तरह से ट्रॉफी टिकाऊ, आकर्षक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के योग्य विश्वस्तरीय रूप में तैयार हुई।

### टी20 क्रिकेट की तेज और आधुनिक शैली को दर्शाया

पाबूवाल ने कहा, 'रूपरेखा तैयार होने के बाद इस ट्रॉफी को बनाने का काम आईसीसी ने मुझे सौंपा। मैंने क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी चांदी की फ्रेंडशिप कप ट्रॉफी बनाई। इस ट्रॉफी की दुनियाभर में चर्चा हुई। इसके बाद आईसीसी ने टी20 विश्व कप की ट्रॉफी बनाने की जिम्मेदारी मुझे सौंपी।' उन्होंने दावा करते हुए कहा, ' शुरुआत में आईसीसी ने ट्रॉफी बनाने के लिए दो विकल्पों पर विचार किया। इसे मैं तैयार करूं या प्रसिद्ध क्रिस्टल कंपनी स्वारोवस्की। अंततः आईसीसी ने मुझे इस ट्रॉफी का डिजाइन तैयार कर बनाने के लिए चुना।' पाबूवाल ने बताया कि आईसीसी की योजना थी कि ट्रॉफी टाइटेनियम और कांच के संयोजन से बनें। इसमें कुछ हिस्से धातु के और कुछ हिस्से कांच के हों, जिससे कि टी20 क्रिकेट की तेज और आधुनिक शैली को दर्शाया जा सके।

---

### न्यूजीलैंड महिला टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू ने लिए 125 विकेट

## ताहुहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास, खेले 103 मैच

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 15 साल तक वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

ताहुहू ने कहा, वनडे क्रिकेट में टीम की जर्सी पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है। एक-एक गेम खेलना अद्भुत एहसास था। वनडे क्रिकेट में 100 से ज्यादा मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। भारत में वनडे विश्व कप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाली ताहुहू ने कहा कि वह टी20 के लिए उत्साहित हैं। 2011 की रोज बाउल सीरीज



में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में वनडे में डेब्यू करने के बाद से, ताहुहू ने 103 वनडे में 125 विकेट लिए हैं।

### 4 विश्व कप खेल चुकी ताहुहु

ताहुहू ने कहा, आगे बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में इस टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतना एक बहुत बड़ी कामयाबी थी और मैं इस साल के आखिर में इंग्लैंड में इस टीम को अपना खिताब बचाने में मदद करने के लिए सच में प्रेरित हूं। 35 साल की पेसर उन 12 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने कीवी महिला टीम के लिए 100 से अधिक वनडे मैच खेले हैं। ताहुहु 4 विश्व कप खेल चुकी हैं। वह लगातार टॉप 10 वनडे गेंदबाजों में शामिल रही हैं। 2023 में उन्हें आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में चुना गया था।

### ली की पेस हमेशा रही ताकत

हेड कोच बेन सॉयर ने कहा, "ली 15 साल से महिला वनडे में टॉप पर हैं, जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। ली की पेस हमेशा से एक ताकत रही है, लेकिन उनका प्रतियोगी स्वभाव और इस टीम को आगे बढ़ाने का जोश सबसे अलग रहा है। उन्होंने कहा, ली कुछ समय से वनडे गेंदबाजी ग्रुप की सीनियर सदस्य रही हैं और अगले चार साल के साइकिल में ग्रुप को एक बेहतरीन जगह पर छोड़ रही हैं, जो उनकी नेतृत्व का सबूत है। सॉयर ने कहा कि अपने देश के लिए वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज के तौर पर संन्यास लेने पर उन्हें गर्व होना चाहिए। टीम के लिए उन्होंने नए मानक तय किए हैं।






# समुद्र में मिली फुटबॉल मैदान जितनी बड़ी मूंगे की बस्ती

ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ में दुनिया की सबसे बड़ी 'मूंगा कॉलोनी' खोजी गई है। यह 111 मीटर लंबी और एक फुटबॉल मैदान के बराबर है। यह लाखों सूक्ष्म जीवों का एक ऐसा घर है, जो हजारों सालों से समुद्र के नीचे एक साथ बस रहे हैं। इसकी लोकेशन को वैज्ञानिकों ने क्यों छुपाया? समुद्र की गहराइयों में कई ऐसे राज छिपे हुए हैं, जो आम लोगों के साथ-साथ अक्सर वैज्ञानिकों को भी हैरान करते हैं। हाल ही में समंदर के नीचे ऐसी ही एक खोज हुई है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

## मां-बेटी ने खोजा, लेकिन वैज्ञानिकों ने क्यों छुपाया?

**केनबरा।** दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध ग्रेट बैरियर रीफ में दुनिया की सबसे बड़ी एकल मूंगा कॉलोनी की खोज की गई है। यह मूंगा इतना विशाल है कि इसका आकार लगभग एक अमेरिकी फुटबॉल मैदान के बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि इस ऐतिहासिक खोज को करने वाली कोई बड़ी वैज्ञानिक टीम नहीं, बल्कि मां-बेटी की एक गोताखोर जोड़ी है।

जेन पोप और उनकी बेटी सोफी कालकोव्स्की-पोप ने सर्वे के दौरान इस अद्भुत संरचना को ढूंढ निकाला, जिसने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की दुनिया में सिटिजन्स ऑफ द रीफ के माध्यम से पहचानी जाने वाली इस संस्था ने इस खोज की पुष्टि की है। यह खोज बीते 26 फरवरी 2026 को ऑस्ट्रेलिया



में एक नियमित सर्वे के दौरान हुई। सिटिजन्स ऑफ द रीफ में मरीन ऑपरेशंस को-ऑर्डिनेटर के रूप में काम करने वाली सोफी अपनी मां के साथ समुद्र की गहराई में सर्वे कर रही थीं। उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्होंने पानी में गोता लगाया और गहराई में गईं, उन्हें अहसास हो गया कि वे कुछ बहुत ही खास देख रही हैं। यह कोरल कॉलोनी लगभग 3,973 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली हुई है और इसकी लंबाई करीब 111 मीटर है यानी एक फुटबॉल मैदान के बराबर। इससे पहले जो बड़ी कॉलोनियां रिकॉर्ड में दर्ज थीं, उनकी लंबाई महज 30 से 35 मीटर के बीच हुआ करती थी। सोफी की मां जेन पोप ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा, 'जब मैं पानी में उतरी, तो मैंने पहले कभी मूंगे को इस तरह उगते हुए नहीं देखा था। यह कोरल के एक विशाल मैदान जैसा लग रहा था, जिसका कोई अंत ही नहीं दिख रहा था।'

### जेन पोप और उनकी बेटी सोफी कालकोव्स्की-पोप

वैज्ञानिकों के लिए यह खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ग्रेट बैरियर रीफ का एक बड़ा हिस्सा अभी भी अनजाना है। हालांकि, इस विशालकाय मूंगे के सटीक स्थान को वैज्ञानिकों की टीम ने छुपाकर रखा है, ताकि इंसानी दखल या जरूरत से ज्यादा पर्यटन इस दुर्लभ और प्राचीन कोरल कॉलोनी को नष्ट न कर दे। इस खोज को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करने के लिए हाई रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरों और मैन्युअल अंडरवाटर मैप्स का उपयोग किया गया। क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के सेंटर फॉर रोबोटिक्स ने इन आंकड़ों का उपयोग करके इस कॉलोनी का एक सटीक 3डी मॉडल तैयार किया है। क्यूयूटी की रिसर्च

## रोचक खबरें



### चाइना में खुला अनोखा बाथ स्पा, जहां मिलता है तूफान और बिजली के झटकों का अहसास

**बीजिंग।** चीन में इन दिनों एक अनोखा 'स्टॉर्म बाथ स्पा' काफी चलन में है, जहां जाने के लिए लोग खूब पैसा खर्च कर रहे हैं। दरअसल, इस 'स्टॉर्म बाथ स्पा' में लोगों को बादलों की गरज, बिजली की चमक और भारी बारिश वाले कृत्रिम वातावरण में नहाने का अनोखा अनुभव मिलता है। चीन में हमेशा कुछ न कुछ अनोखा होता ही रहता है, जिसके सामने आते ही हर तरफ उसकी चर्चा होने लगती है। इन दिनों चीन के प्रमुख शहरों में 'स्टॉर्म बाथ स्पा' नामक एक नया चलन लोकप्रियता हासिल कर रहा है। ये स्पा अनोखे तरीके का वेलनेस और इनोवेशन का संगम है, जहां तूफान और हल्के बिजली के झटकों का अहसास मिलता है। दावा किया जा रहा है कि ये अनुभव भावनात्मक और मानसिक दोनों तरह से सुकून देता है और चीन में इसके प्रति लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। रूसी व्लॉगर अलीना लासीना ने 'द पेपर'को दिए एक इंटरव्यू में बताया, 'रूस में स्पा सेशन आमतौर पर दो से तीन घंटे तक चलते हैं, इस दौरान आप आराम से नहा सकते हैं, मसाज करवा सकते हैं और सौना का आनंद ले सकते हैं और ज्यादा समय तक रुकना हो तो खर्च बढ़ जाता है।

#### इटली में हुई थी स्टॉर्म बाथ स्पा की शुरुआत

इस अनोखे स्टॉर्म बाथ स्पा की शुरुआत वैसे तो इटली में हुई थी, जो वहां पढ़ाई कर रहे चीनी छात्रों के बीच लोकप्रिय हो गया। इसके लिए वो लगभग 1,000 युआन (140 अमेरिकी डॉलर) खर्च करते थे और इसका अनुभव लेने के लिए लाइन में लगकर इंतजार करते थे। हालांकि, अब ये 'स्टॉर्म बाथ स्पा'चीन में भी पहुंच गया है और न सिर्फ बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझोऊ जैसे प्रमुख शहरों में बल्कि उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में शिजियाझुआंग और इनर मंगोलिया में बाओटौ जैसे जगहों पर भी तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

### 500 भेड़ों को चराने के लिए पैदल यात्रा, 6 महीने बाद पहुंचते घर



**नई दिल्ली।** आज हम आपको एक ऐसे शख्स की कहानी बताने जा रहे हैं, जो हर साल 6 महीने तक घर से बाहर निकलकर यात्रा करते हैं। दरअसल, यूपी के रहने वाले बाबूलाल पाल जो बचपन से भेड़ पालने का काम करते आए हैं। हालांकि, इन्हें साल के 6 महीने तक यूपी से एमपी तक की यात्रा करनी पड़ती है, क्योंकि यूपी में जंगल पहाड़ न होने की वजह से उन्हें एमपी के जंगल और पहाड़ों में आकर अपनी सैकड़ों भेड़ों को चराना होता है। उत्तरप्रदेश के फतेहपुर के रहने वाले 60 वर्षीय बाबूलाल पाल बताते हैं कि हम यमुना पार से फतेहपुर जिला आते हैं। बाबू बताते हैं कि छतरपुर जिले में जंगल पहाड़ बीहड़ बहुत हैं। इसलिए, अपनी 500 भेड़ चराने अपने घर से निकल आते हैं। बाबू बताते हैं कि वह पेट पालने के लिए सर्दी के मौसम में भेड़ों के अपने घर फतेहपुर से निकल आते हैं। जहां-जहां जंगल, पहाड़ नजर आते हैं, वहीं भेड़ों को चराने निकल पड़ते हैं। जब समय पूरा हो जाता है तो वापस घर भेड़ों को ले आते हैं।

#### होली तक घर पहुंचने का होता है टारगेट

बाबूलाल बताते हैं कि घर से नवरात्रि यानि अक्टूबर-नवंबर में भेड़ों को लेकर निकले थे। कोशिश करते हैं कि होली त्योहार मनाने के लिए घर तक पहुंच जाएं. क्योंकि इस समय तक खेतों की कटाई होने लगती है। इसके बाद गर्मी और बरसात में भेड़ों को चराने के लिए खेत खाली हो जाते हैं।

#### घोड़ों पर रखते हैं खाने-पीने का सामान

बाबू बताते हैं 5 से 6 महीनों के लिए घर से बाहर रहना पड़ता है। इस दौरान जहां रुकते हैं, वहीं आसपास के लोगों से आटा पानी चावल ले लेते हैं। अपना खाने-पीने के सामान से लेकर भेड़ों की दवा, 1कपड़े ये सब घोड़ों पर रखते हैं। हम जहां भी डेरा डाल लेते हैं। वहीं थोड़ा-बहुत व्यवस्था हो जाती है।

#### पीढ़ियों से कर रहे भेड़ चराने का काम

बाबूलाल पाल कहते हैं कि भेड़ों का मैनेजमेंट हम सालों से कुछ ऐसे ही करते आए हैं। हम ये काम पहली बार नहीं कर रहे हैं। ये हमारा पीढ़ियों का काम है। हम 500 भेड़ों को लेकर 6 महीनों में सैकड़ों किलोमीटर तक चलते हैं। हालांकि, हम 5 आदमी रहते हैं। क्योंकि, घर से बाहर परदेश में निकले हैं तो एक आदमी 500 भेड़ नहीं संभाल पाएगा। अगर कोई भेड़ बीमार हो जाती है, तो हमारे पास दवाएं भी उपलब्ध होती हैं।

# एक औरत से शादी कर लेते थे सभी भाई, भैंस की करते हैं पूजा

आज हम आपको भारत की एक ऐसी जनजाति के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी परंपराएं बेहद अजीब हैं। नीलगिरी की पहाड़ियों में रहने वाली इस ट्राइब में भैंस की पूजा की जाती है, तो शादी के बाद सभी भाई एक ही महिला के पति बन जाते थे। दुनियाभर में कई ऐसी जनजातियां मौजूद हैं, जिनकी परंपराएं बेहद ही अजीब और चौंकाने वाली हैं। इस लिस्ट में भारत की भी कुछ जनजातियां शामिल हैं। आज हम आपको ट्राइब्स एंड ट्रेडिशंस) सीरीज के तहत तमिलनाडु में नीलगिरी की पहाड़ियों के बीच बसे एक ऐसे ही समुदाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी परंपराएं और मान्यताएं सुनकर किसी का भी सिर चकरा सकता है। यह है 'टोडा जनजाति ।


## बेहद अजीब है भारत की इस जनजाति की परंपरा!

**नई दिल्ली।** 2011 की जनगणना के मुताबिक, इनकी कुल आबादी महज दो हजार के करीब बची है। टोडा समुदाय के लोग द्रविड़ भाषा-परिवार की अपनी एक खास 'टोडा भाषा' बोलते हैं, जो इतनी जटिल है कि इसे समझना हर किसी के बस की बात नहीं. लेकिन इस समाज की सबसे हैरान करने वाली बात इनकी उत्पत्ति की कहानी है। इनकी मान्यता है कि उनके देवता 'ओन' ने सबसे पहले पृथ्वी से पवित्र भैंसों को बाहर निकाला था और जब आखिरी भैंस बाहर निकल रही थी, तो उसकी पूंछ पकड़कर पहले 'टोडा पुरुष'का जन्म हुआ। बाद में उसी पुरुष की पसली से पहली महिला बनाई गई। यही वजह है कि टोडा समाज के जीवन का केंद्र ही 'भैंस' है और वे इसे सबसे पवित्र जीव मानते हैं। टोडा जनजाति की बस्तियों को 'मंड'कहा जाता है, जो किसी फिल्म के सेट जैसी लगती हैं। यहां 'डोगल्स'नामक आधे बैरल या ढोल के आकार की अनोखी झोपड़ियां होती हैं। ये झोपड़ियां बांस से बनी होती हैं और इनकी छत सूखी घास से ढकी होती है। ताज्जुब की बात यह है कि इन झोपड़ियों का दरवाजा जानबूझकर इतना छोटा रखा जाता है कि इंसान को भी अंदर जाने के लिए रेंगना पड़ता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि रात के समय जंगली जानवर अंदर न घुस सकें।



### भैंसों और दूध के इर्द-गिर्द घूमता है पूरा धर्म

टोडा जनजाति की सामाजिक संरचना ऐतिहासिक रूप से 'बहुपति प्रथा पर आधारित थी यानी एक ही परिवार के सभी भाई मिलकर एक ही महिला से शादी करते थे। जब महिला गर्भवती होती थी, तो एक खास समारोह में उसे लकड़ी का बना धनुष-बाण दिया जाता था। यह रस्म तय करती थी कि आने वाले बच्चे का सामाजिक पिता कौन होगा। हालांकि, आधुनिक समय और शिक्षा के प्रभाव से अब यह प्रथा लगभग खत्म हो चुकी है। यह समाज दो वर्गों तेइवालिओल और तरथरोल में बंटा हुआ है, जिनके अपने-अपने रीति-रिवाज और धार्मिक स्थल होते हैं। सदियों से ये लोग नीलगिरि के अन्य समुदायों जैसे बडागा और कोटा के साथ अनाज और औजारों के बदले दूध और मक्खन का लेन-देन करते आए हैं। इनका पूरा धर्म भैंसों और दूध के इर्द-गिर्द घूमता है। इनके लिए भैंसों से दूध निकालने वाली जगह किसी मंदिर से कम नहीं है।



### बहुपति प्रथा का चलन

टोडा जनजाति में बहुपति प्रथा के पीछे गहरे सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक कारण रहे हैं। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि नीलगिरि की कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने की एक रणनीति थी। इसके तहत जमीन और संपत्ति का बंटवारा रोकना और सामाजिक एकजुटता शामिल है। दरअसल, टोडा समाज में भैंसें ही मुख्य संपत्ति होती हैं। यदि हर भाई अलग शादी करता और अपने अलग परिवार बसाता तो परिवार की सीमित जमीन और भैंसों का बंटवारा हो जाता। एक ही महिला से शादी करने के कारण परिवार की संपत्ति एक ही जगह केंद्रित रहती थी और भाइयों के बीच विवाद नहीं होता था। साथ ही, एक ही पत्नी होने से भाइयों के बीच ईर्ष्या कम होती थी और वे एक इकाई के रूप में काम करते थे। बच्चों का पालन-पोषण भी सामूहिक जिम्मेदारी मानी जाती थी। इसके अलावा महिलाओं की कम आबादी भी एक वजह थी।

# 42 दांतों वाले शख्स ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**कुआलालंपुर।** दुनिया में ज्यादातर लोगों के मुंह में 32 दांत होते हैं, लेकिन मलेशिया के एक शख्स के पास इससे कहीं ज्यादा दांत हैं। यही वजह है कि उनकी मुस्कान ने उन्हें एक अनोखा विश्व रिकॉर्ड दिला दिया है। प्रथाब मुनियांडी नाम के इस शख्स के मुंह में कुल 42 दांत हैं, जो किसी पुरुष के मुंह में सबसे ज्यादा दांत होने का रिकॉर्ड माना गया है। उनकी यह उपलब्धि 2023 में आधिकारिक रूप से सत्यापित की गई थी.

33 वर्षीय प्रथाब मुनियांडी मलेशिया में रहते हैं और ऑयल एंड गैस इंडस्ट्री में



इंजीनियर के तौर पर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 2021 में एक पारिवारिक चाय के दौरान उन्हें पहली बार लगा कि उनके मुंह में सामान्य से ज्यादा दांत हैं। जब उन्होंने अपने परिवार के साथ दांत गिनना शुरू किया तो उस समय उनके 38 दांत निकले > बाद में कराए गए डेंटल एक्स-रे में पता चला कि उनके मुंह में 4 और दांत निकलने बाकी हैं। कुछ समय बाद जब सभी दांत निकल आए तो कुल संख्या 42 हो गई। प्रथाब बताते हैं कि आमतौर पर लोग उनके अतिरिक्त दांतों को नोटिस ही नहीं करते। जब तक वह खुद नहीं बताते, तब तक किसी को पता नहीं चलता कि उनके मुंह में औसत से 10 ज्यादा दांत हैं। उन्होंने कहा, कि जब लोग यह सुनते हैं कि किसी शख्स के मुंह में 32 की जगह 42 दांत हैं, तो शुरुआत में उन्हें विश्वास ही नहीं होता। दिलचस्प बात यह है कि इतने ज्यादा दांत होने के बावजूद उन्हें कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है। उनके ज्यादातर दांत सीधे और सामान्य तरीके से उगे हैं। प्रथाब अपने दांतों की साफ-सफाई का खास ध्यान रखते हैं। वह रोज दो बार ब्रश करते हैं और नियमित फ्लॉसिंग भी करते हैं, ताकि दांत स्वस्थ बने रहें। प्रथाब मुनियांडी का कहना है, कि यह जानकर उन्हें बहुत अच्छा लगता है कि उनके नाम दुनिया का एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज है।



Ajay Advt.

## टी-रेक्स को टक्कर देने वाला नया डायनासोर

# सहारा रेगिस्तान में मिला 10 करोड़ साल पुराना विशाल डायनासोर!

**काहिरा।** वैज्ञानिकों ने सहारा रेगिस्तान में एक नई डायनासोर प्रजाति की खोज की है, जिसका आकार मशहूर टायरेनोसौरस रेक्स जितना बड़ा बताया जा रहा है। इस नई प्रजाति का नाम स्पाइनोसॉरस मिराबिलिस रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह डायनासोर करीब 9.5 से 10 करोड़ साल पहले पृथ्वी पर मौजूद था। इसके जीवाश्म नाइजर के जेंगुएबी इलाके में मिले हैं, जो सहारा रेगिस्तान का हिस्सा है।



इस अहम शोध को प्रतिष्ठित जर्नल साइंस में प्रकाशित किया गया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह खोज कई वर्षों की लगातार मेहनत का नतीजा है। सबसे पहले 2019 में इसके जबड़े के कुछ हिस्से मिले थे। बाद में 2022 में सिर पर मौजूद दो अस्थि-कलश (क्रेस्ट) मिले, जिससे इस नई प्रजाति की पहचान पूरी हो सकी। इस शोध का नेतृत्व पॉल सेरेनो ने किया, जो शिकागो विश्वविद्यालय से जुड़े हैं।

### उथले पानी का शिकारी था यह डायनासोर

अध्ययन के अनुसार, स्पाइनोसॉरस मिराबिलिस उथले पानी में शिकार करने वाला डायनासोर था। इसका मुख्य भोजन मछलियां थीं। वैज्ञानिकों का मानना है, कि उस समय इसका इलाका प्राचीन टेथिस सागर के करीब था। हालांकि, यह क्षेत्र समुद्र से लगभग 600 मील अंदर था, फिर भी यह डायनासोर पानी में रहने के लिए पूरी तरह अनुकूलित था। इसके सिर के ऊपर बड़ी हड्डी की बनी एक कलगी थी, जो संभवतः रंगीन और केराटिन से ढकी हुई थी।



Ajay 9827144371




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com